संयम ◆संस्कार ◆संतुलन

R.N.I. No.-UPHIN/2004/22466

# शहर समता

वर्ष-20 अंक- 263
पृष्ठ 8
बुधवार
12 जून 2024
प्रात: संस्करण
हिन्दी दैनिक
प्रयागराज
मूल्य-1.00

प्रयागराज से प्रकाशित Email : shaharsamta@gmail.com Website : https://Shaharsamta.com

सम्पादक-उमेश चन्द्र श्रीवास्तव

विविध- पार्टी या फंक्शन के लिए... विचार- कई आशंकाओं के साथ मोदी फिर पीएम खेल- अमेरिका के खिलाफ शिवम दुबे का ...

## योगी कैबिनेट में 41 प्रस्तावों पर लगी मुहर



● यूपी में स्थानांतरण नीति को मिली मंजूरी, ताबड़तोड़ तबादले के आसार

लखनऊ, एजेंसी। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की अध्यक्षता में आज कैबिनेट बैठक हुई। इस कैबिनेट में 41 प्रस्ताव हुए पास हुए हैं। जलशक्ति विभाग की 26 परियोजनाओं को मंजूरी मिली है। साथ ही बुंदेलखंड की 26 परियोजनाओं को मंजूरी मिली है। यूपी में नई तबादला नीति को मंजूरी दे दी है। इस नीति के तहत विभागाध्यक्ष 30 जून तक ट्रांसफर कर सकेंगे। इसके बाद ट्रांसफर करने के लिए सीएम से परमिशन लेना होगा। मुख्यमंत्री योग आदित्यनाथ की अध्यक्षता में हुई मीटिंग में ये फैसला लिया गया है। इसके साथ ललितपुर, झांसी, महोबा, मिर्जापुर जैसे जिलों से जुड़ी परियोजनाओं मंजूरी दी गई है। नई तबादला नीति के तहत प्रदेश में समूह क, ख, ग, घ के सभी कार्मिकों के ट्रांसफर 30 जून तक होंगे। जिलों में तीन साल और मंडल में सात साल से अधिक तैनाती वाले कार्मिक हटाए जाएंगे। समूह क और ख में अधिकतम 20 प्रतिशत और समूह ग और घ में अधिकतम 10 प्रतिशत कार्मिकों के तबादले होंगे। राज्य विश्वविद्यालय से राज्य शब्द हटाने का प्रस्ताव हुआ पास,2 निजी विश्वविद्यालय को लेटर ऑफ इंटेंट देने का प्रस्ताव हुआ पास महाकुंभ 2025 की तैयारियों के सम्बंध में प्रस्ताव पास ,3200 हेक्टयर से बढ़ा कर 4000 हेक्टर में लगेगा मेला,महाकुंभ में घाटों का बढ़ाया जाएगा दायरा,वन विभाग से कुंभ में लकड़ी के लाट लेने के लिए 99 हजार के सापेक्ष 79 हजार लाट लेने के लिए 236 करोड़ का प्रस्ताव हुआ पास,बिजली विभाग में लोन लेने के लिए 1000 करोड़ का लोन 9.5: की दर से हुडको से लेने का प्रस्ताव हुआ पास,वर्ष 2024 25 की के लिए स्थानांतरण नीति को मिली मंजूरी, बरेली में फ्युचर यूनिवर्सिटी, गाजियाबाद में एचआरआईटी यूनिवर्सिटी को मंजूरी हुडको से 1000 करोड़ के लिए गए लोन की गारंटी लेगी सरकार, प्रस्ताव को दी मंजूरी,ओबरा में लग रहे दो पावर प्लांट की लागत बढ़ने को दी मंजूरी, पहले 11705 करोड़ रुपए लागत थी, अब 13005 करोड़ रुपए लागत हो गई है,बलिया के रसड़ा में ट्रांसमिशन सबस्टेशन की लागत 537 करोड़ लागत करने के प्रस्ताव को मंजूरी,नोएडा में जेवर एयरपोर्ट बनाने के लिए ली गई किसानों की जमीन का मुआवजा देने के लिए धनराशि को मंजूरी,लखीमपुर में बनाया जाएगा हवाई अड्डा, प्रस्ताव को दी मंजूरी,आईआईटी कानपुर में बनेगा मेडिकल रिसर्च सेंटर, 500 बेड का सुपरस्पेशियलिटी अस्पताल बनाने को दी मंजूरी,नोएडा में 500 बेड के अस्पताल को मंजूरी मिली। इसका निर्माण 15 एकड़ भूमि पर किया जाएगा। निजी विश्वविद्यालय को प्रमोट करना और हर मंडल में एक सरकारी विश्वविद्यालय को मंजूरी।

## चंद्रबाबू नायडू सर्वसम्मति से विधायक दल के नेता चुने गए

विजयवाड़ा, एजेंसी। तेलुगु देशम पार्टी (तेदेपा) सुप्रीमो एन चंद्रबाबू नायडू को मंगलवार को सर्वसम्मति से विधायक दल का नेता चुना गया। तेदेपा , जन



सेना और भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के नवनिर्वाचित विधायकों की आज यहां बैठक में जन सेना प्रमुख के पवन कल्याण ने विधायक दल के नेता के रूप में श्री नायडू के नाम का प्रस्ताव रखा और प्रदेश भाजपा अध्यक्ष डी पुरंदेश्वरी ने इसका समर्थन किया। तेदेपा की प्रदेश इकाई के अध्यक्ष के. अत्चन्नायडू ने जोरदार तालियों के बीच तीनों दलों के विधायकों की ओर से सर्वसम्मति से श्री नायडू को विधायक दल का नेता चुने जाने की घोषणा की। श्री नायडू ने तीनों दलों के विधायकों को उन्हें अपना नेता चुनने के लिए धन्यवाद दिया।

## अमित शाह ने संभाला गृह मंत्रालय का कार्यभार

● शाह ने देश की सेवा करते हुए अपने प्राणों की आहुति देने वाले पुलिसकर्मियों को दी श्रद्धांजलि

नई दिल्ली, एजेंसी। भाजपा के शीर्ष नेता अमित शाह ने मंगलवार को लगातार दूसरी बार केंद्रीय गृह मंत्री के रूप में कार्यभार संभाला। शाह 2019 से यह विभाग संभाल रहे हैं। मंत्रालय का कार्यभार संभालने से पहले, शाह ने देश की सेवा करते हुए अपने प्राणों की आहुति देने वाले पुलिसकर्मियों को श्रद्धांजलि देने के लिए राष्ट्रीय राजधानी के चाणक्यपुरी इलाके में राष्ट्रीय पुलिस स्मारक का दौरा किया। 59 वर्षीय शाह लोकसभा चुनाव में गुजरात के गांधीनगर निर्वाचन क्षेत्र से चुने गए थे। शाह ने सहकारिता मंत्रालय में अपना अन्य पोर्टफोलियो भी बरकरार रखा है। अमित शाह ने



सहकारिता मंत्री का पदभार भी आज ही संभाला। भाजपा के अध्यक्ष जेपी नड्डा ने मंगलवार को केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री का पदभार संभाल लिया। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व वाली सरकार में कैबिनेट मंत्री के रूप में शपथ लेने के एक दिन बाद सोमवार को नड्डा को स्वास्थ्य मंत्रालय के साथ–साथ रसायन एवं उर्वरक मंत्रालय भी आवंटित किया गया। पिछली मोदी सरकार में दोनों मंत्रालयों का कार्यभार मनसुख मांडविया के पास था। नड्डा ने मोदी सरकार के पहले कार्यकाल के दौरान स्वास्थ्य मंत्रालय संभाला था, उसके बाद 2019 में उन्हें भाजपा के कार्यकारी अध्यक्ष का पद सौंपा गया और जनवरी 2020 में अमित शाह के केंद्रीय गृह मंत्री के रूप में नियुक्त होने के बाद भाजपा अध्यक्ष को पूर्ण रूप से पार्टी अध्यक्ष बना दिया गया। ज्योतिरादित्य सिंधिया ने संचार मंत्रालय का कार्यभार मंगलवार को संभाल लिया और कहा कि दूरसंचार क्षेत्र तथा भारतीय डाक विभाग दोनों को वैश्विक व स्थानीय स्तर पर महत्वपूर्ण भूमिका निभानी है। मंत्री ने लगभग डेढ़ दशक पहले संचार राज्य मंत्री के रूप में सेवाएं दी थीं। सिंधिया ने कार्यभार संभालने के बाद पत्रकारों से कहा, '' यह वास्तव में मेरे लिए सम्मान की बात है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने मुझे संचार मंत्रालय की जिम्मेदारी दी है।

## प्रधानमंत्री मोदी 18 जून को एक दिवसीय दौरे पर जायेंगे वाराणसी

लखनऊ। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी 18 जून को वाराणसी पधार रहे हैं। वह यहां आकर अपनी जीत और तीसरी बार मोदी सरकार बनाने के लिये वाराणसी के वोटरों का शुक्रिया अदा करेंगे। केंद्र में तीसरी बार मोदी सरकार बनने के बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के वाराणसी आगमन की सूचना पीएमओ ने भी जारी कर दी है। पीएमओ के अनुसार पीएम मोदी 18 जून को काशी आ रहे हैं। यह एक दिवसीय प्रवास होगा। इस दौरान वे किसान सम्मेलन को संबोधित करेंगे। इसके लिए स्थान चयन किया जा रहा है। स्थानीय संगठन की ओर से रोहनिया अथवा सेवापुरी विधानसभा क्षेत्र में किसान सम्मेलन आयोजित करने के लिए स्थल चयन करने का कार्य किया जा रहा है। पीएम मोदी के आगमन को



लेकर सिगरा के गुलाबबाग स्थित पार्टी कार्यालय में महानगर व जिला पदाधिकारियों की बैठक भी हुई। इसमें भाजपा काशी क्षेत्र अध्यक्ष दिलीप पटेल ने पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं को यह जानकारी दी। क्षेत्र अध्यक्ष दिलीप पटेल ने बताया कि पीएम मोदी किसान सम्मेलन को संबोधित करने के बाद बाबा श्री काशी विश्वनाथ का दर्शन पूजन करेंगे। इसके बाद पीएम मोदी स्थानीय दशाश्वमेध घाट पर गंगा आरती में भाग लेंगे। पीएम मोदी के कार्यक्रम को लेकर बनारस भाजपा ने तैयारी शुरू कर दी है। उन्होंने कार्यकर्ताओं से पीएम मोदी के भव्य स्वागत की तैयारी के लिए अलर्ट किया। कहा, कार्यक्रम की तिथि फाइनल हो गई है। किसान सम्मेलन को लेकर सभी कार्यकर्ताओं को जिम्मेदारी सौंपने का सिलसिला शुरू हो गया है। बैठक का संचालन महानगर अध्यक्ष विद्यासागर राय ने धन्यवाद ज्ञापन जिला अध्यक्ष एवं एमएलसी हंसराज विश्वकर्मा ने किया। बैठक में क्षेत्र मीडिया प्रभारी नवरतन राठी, जगदीश त्रिपाठी, प्रवीण सिंह गौतम, अशोक पटेल, संजय सोनकर, राहुल सिंह, जेपी दुबे, शैलेन्द्र मिश्रा, राम बिलास सिंह, गौरव आदि मुख्य रुप से उपस्थित थे।

## जम्मू से माता वैष्णो देवी भवन तक सीधी हेलिकॉप्टर सेवा 18 जून से शुरू होगी

जम्मू, एजेंसी। जम्मू से रियासी जिले की त्रिकुटा पहाड़ियों में स्थित माता वैष्णो देवी के भवन गुफा मंदिर तक आने–जाने के लिए 18 जून से हेलीकॉप्टर सेवा शुरू होगी। श्री माता वैष्णो देवी श्राइन बोर्ड (एसएमवीडीबी) ने सोमवार को यह घोषणा की। यह कदम तीर्थयात्रा को सुव्यवस्थित करने और दुनिया भर से गुफा मंदिर में पूजा करने के लिए आने वाले भक्तों को बेहतर सुविधाएं प्रदान करने के निरंतर प्रयासों के तहत उठाया गया है।



एसएमवीडीबी के मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सीईओ) अंशुल गर्ग ने कहा, बेहतर सुविधाएं प्रदान करने के लिए बोर्ड ने 18 जून से जम्मू से भवन तक सीधे हेलीकॉप्टर सेवाएं शुरू करने का निर्णय लिया है। गर्ग ने कहा कि पैकेज के तहत भक्तों को बैटरी कार सेवा, प्राथमिकता पर दर्शन, प्रसाद और रोपवे सेवा सहित अन्य सुविधाएं प्रदान की जाएंगी। उन्होंने कहा, ये सभी सुविधाएं एक पैकेज के रूप में दी जा रही हैं। लोग हमारी वेबसाइट के माध्यम से हेलीकॉप्टर सेवा की बुकिंग कर सकते हैं और सुविधाओं का लाभ उठा सकते हैं।

## जेपी नड्डा ने स्वास्थ्य मंत्री का पद संभाला

● अधिकारियों से 100 दिन के एजेंडे पर घ्यान देने को कहा




नयी दिल्ली, एजेंसी। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के अध्यक्ष जेपी नड्डा ने मंगलवार को केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री का पदभार संभाल लिया। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व वाली सरकार में कैबिनेट मंत्री के रूप में शपथ लेने के एक दिन बाद सोमवार को नड्डा को स्वास्थ्य मंत्रालय के साथ–साथ रसायन एवं उर्वरक मंत्रालय भी आवंटित किया गया। पिछली मोदी सरकार में दोनों मंत्रालयों का कार्यभार मनसुख मांडविया के पास था। नड्डा ने कार्यभार संभालने के बाद स्वास्थ्य राज्य मंत्री अनुप्रिया पटेल और प्रतापराव जाधव के साथ स्वास्थ्य मंत्रालय के वरिष्ठ अधिकारियों से बातचीत की। ऐसा माना जा रहा है कि नड्डा ने अधिकारियों से पहले 100 दिनों के लिए सरकार के एजेंडे पर ध्यान केंद्रित करने को कहा। अधिकारियों से 70 वर्ष और उससे अधिक आयु के लोगों को आयुष्मान भारत योजना के दायरे में लाने को कहा गया है। नड्डा ने मोदी सरकार के पहले कार्यकाल के दौरान स्वास्थ्य मंत्रालय संभाला था, उसके बाद 2019 में उन्हें भाजपा के कार्यकारी अध्यक्ष का पद सौंपा गया और जनवरी 2020 में अमित शाह के केंद्रीय गृह मंत्री के रूप में नियुक्त होने के बाद नड्डा को पूर्ण रूप से पार्टी अध्यक्ष बना दिया गया। भाजपा अध्यक्ष के रूप में नड्डा का कार्यकाल जनवरी में समाप्त हो चुका है। हालांकि 2024 के लोकसभा चुनावों के लिए उनके कार्यकाल में छह महीने का विस्तार दिया गया था। भाजपा अध्यक्ष के रूप में नड्डा का कार्यकाल जून में समाप्त हो रहा है। नड्डा (63) ने राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) की छात्र शाखा अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद (एबीवीपी) से अपने राजनीतिक करियर की शुरुआत की थी। वह 1991 में भाजपा की युवा शाखा भारतीय जनता युवा मोर्चा (भाजयुमो) के अध्यक्ष बने। नड्डा के पास कानून की डिग्री है। उन्होंने भाजपा में कई प्रमुख पदों पर काम किया और कई राज्यों में पार्टी के चुनाव अभियान का नेतृत्व भी किया। नड्डा ने अपने गृह राज्य हिमाचल प्रदेश में भाजपा सरकारों में मंत्री के रूप में भी काम किया। वह वर्ष 2012 में राज्यसभा के लिए चुने गए और 2014 में अमित शाह के पार्टी अध्यक्ष बनने पर उन्हें भाजपा संसदीय बोर्ड का सदस्य बनाया गया। इस बीच, शिवसेना सांसद प्रतापराव जाधव ने स्वास्थ्य राज्य मंत्री के रूप में कार्यभार संभाला। उन्हें आयुष मंत्रालय भी (स्वतंत्र प्रभार) आवंटित किया गया है। 64 वर्षीय जाधव ने महाराष्ट्र के बुलढाणा लोकसभा क्षेत्र से लगातार चौथी बार जीत दर्ज की है। अपना दल (एस) की अनुप्रिया पटेल ने भी स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण राज्य मंत्री का कार्यभार संभाला। उन्हें रसायन एवं उर्वरक राज्य मंत्री भी नियुक्त किया गया है। पटेल (43) ने 2016 से 2019 तक स्वास्थ्य राज्य मंत्री और 2021 से मोदी सरकार के दूसरे कार्यकाल में वाणिज्य एवं उद्योग राज्य मंत्री के रूप में कार्य किया था। लोकसभा चुनाव 2024 में पटेल ने उत्तर प्रदेश की मिर्जापुर संसदीय सीट पर समाजवादी पार्टी के रमेश चंद बिंद को 37,810 मतों के अंतर से हराया था।

## 'भाई–भतीजावाद' को लेकर राहुल गांधी का पीएम मोदी पर हमला, बोले– 'सरकारी परिवार' को बांट रहे सत्ता की वसीयत

नई दिल्ली, एजेंसी। कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने गुरुवार को भाजपा पर श्परिवारवाद की राजनीतिश की बात आने पर पाखंड का आरोप लगाया। राहुल ने आरोप लगाया कि जहां प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व




वाली सरकार ने कई मौकों पर कांग्रेस नेताओं के बलिदान को 'भाई–भतीजावाद' कहकर खारिज कर दिया है, वहीं सोमवार को पोर्टफोलियो आवंटन में एक 'सरकारी परिवार' को सत्ता का वितरण देखा गया। कांग्रेस सांसद ने एक्स (पूर्व में ट्विटर) पर एक पोस्ट में कहा, ''जो लोग पीढ़ियों के संघर्ष, सेवा और बलिदान की परंपरा को भाई–भतीजावाद कहते हैं, वे सत्ता की इच्छा को अपने सरकारी परिवार को बांट रहे हैं।'' राहुल ने एक्स पर लिखा कि पीढ़ियों के संघर्ष, सेवा और बलिदान की परंपरा को परिवारवाद कहने वाले अपने 'सरकारी परिवार' को सत्ता की वसीयत बांट रहे। कथनी और करनी के इसी फर्क को नरेंद्र मोदी कहते हैं! पोस्ट के साथ राहुल ने 20 कैबिनेट मंत्रियों की सूची भी साझा की, जिनके रिश्तेदार पहले केंद्र या राज्य सरकारों में पदों पर थे।






## 3 दिनों से गर्मी और धूप से झुलस रहा प्रयागराज

*45 से 46 डिग्री सेंटिग्रेट तक पहुंच रहा तापमान, देश का सबसे गर्म बना शहर*

प्रयागराज। प्रयागराज भीषण गर्मी और तेज धूप से झुलस रहा। पिछले तीन दिनों से यहां गर्मी और धूप हर किसी को बेहाल कर दिया है। यही कारण है कि प्रयागराज देश के सबसे ज्यादा गर्म शहरों में टॉप पर चल रहा है। लगातार यहां का तापमान 45 डिग्री सेंटिग्रेट से लेकर 46 डिग्री सेंटिग्रेट तक रिकार्ड किया जा रहा है। आने वाले दिनों में भी इस तरह से धूप और गर्मी से लोग परेशान रहेंगे। आज मंगलवार को सुबह से ही गर्मी बढ़ गई तो वहीं सूरज का तेवर भी हाई रहा। करीब 7 बजे से ही तेज धूप होने से गर्मी और उमस से लोग परेशान दिखे। सुबह 9 बजे तक यहां का अधिकतम तापमान 37 डिग्री सेंटिग्रेट दर्ज किया। अनुमान है कि तीन बजे तक इसमें 7 डिग्री सेंटिग्रेट तक वृद्धि होगी और यह 44 से 45 डिग्री सेंटिग्रेट तक पहुंच जाएगा।



नौतपा जैसी तपन से जूझ रहे यहां के लोग

भले ही नौतपा 2 जून को ही खत्म हो गई हो लेकिन यहां अभी भी गर्मी और तपन नौतपा जैसी ही है। 8 जून को यहां का तापमान 45.2 डिग्री सेंटिग्रेट दर्ज किया गया था और यह देश में सबसे गर्म शहर रहा। इसी तरह 9 जून को भी अपने सामान्य औसत से 5 डिग्री सेंटिग्रेट से अधिक 45.9 डिग्री सेंटिग्रेट तापमान रहा, जिससे सबसे गर्म शहर बन गया। 10 जून को भी यही स्थिति रही यहां का तापमान 46 डिग्री सेंटिग्रेट तक पहुंच गया। तेज ध ूप के चलते ज्यादातर लोग दिन में घर से बाहर ही नहीं निकल रहे हैं। बाजार जाने वाले शाम को ही बाहर निकलते हैं, ऐसे में दिन भर सड़कों पर व बाजारों में सन्नाटा छाया रहता है।

## यूपी में तीसरा सबसे बड़ा एयरपोर्ट होगा प्रयागराज

*20 उड़ानें और शुरू होंगी, डीजीसीए तैयार कर रहा स्लॉट, गोरखपुर के लिए फिर से मिलेगी फ्लाइट*

प्रयागराज। संगम नगरी प्रयागराज में महाकुंभ की तैयारी जोरों पर है। पूरी दुनिया के लोग महाकुंभ में प्रयागराज आएंगे। ऐसे में हवाई कनेक्टिविटी को लेकर अभी से तैयारियों शुरू हो गई है। आने वाले दिनों में प्रयागराज से करीब 20 शहरों की उड़ानें शुरू हो जाएंगी। इसके लिए अभी से नागर विमानन निदेशालय (डीजीसीए ), एयरपोर्ट अथॉरिटी और सलाहकार समिति ने तैयारी शुरू कर दी है। अब यहां से अन्य शहरों की उड़ानों के स्लॉट तैयार किए जाने लगे ताकि महाकुंभ से पहले फ्लाइटों का संचालन कई शहरों के लिए बढ़ाया जा सके।



कई शहरों की उड़ानें, चेक हो रही डिमांड : एयर कनेक्टिविटी के लिए अलीगढ़, आजमगढ़, मुरादाबाद, श्रावस्ती, चित्रकूट, सोनभद्र, सरसावा (सहारनपुर) एयरपोर्ट का चयन कर लिया गया है। इनके तैयार होते ही एयरपोर्ट से विमानों का संचालन शुरू हो जाएगा। साथ ही कोलकाता, रायपुर, इंदौर और पुणे एयरपोर्ट के लिए विमान सेवा शुरू करने के लिए स्लॉट की डिमांड की गई है। गोरखपुर, प्रयागराज के बीच फिर से विमान संचालन की तैयारी है। यात्रियों की कम भीड़ की वजह से गोरखपुर उड़ान कुछ दिनों के लिए रोक दी गई है। प्रयागराज एयरपोर्ट से फिलहाल मुंबई, बेंगलुरु, भुवनेश्वर, दिल्ली, भोपाल, लखनऊ, देहरादून और विलासपुर के लिए विमानों का संचालन हो रहा है। दिल्ली के लिए दो फ्लाइटें उड़ान भर रही हैं।

एयरपोर्ट के विस्तार में 152.87 करोड़ रुपए खर्च हो रहे

प्रदेश सरकार ने सूबे में हवाई कनेक्टिविटी के लिए बजट में खासा तरजीह दी थी। वित्तीय वर्ष में हवाई यात्रा करने वालों की संख्या में 19.2: की बढ़ोत्तरी के बाद योगी गदगद योगी सरकार ने एयरपोर्ट्स के विकास कार्य को और तेज करने को करोड़ों रुपए जारी किए। महाकुंभ 2025 की तैयारी के तहत प्रयागराज एयरपोर्ट का विकास कार्य शुरू हो गया है। एयरपोर्ट के विस्तार में 152.87 करोड़ रुपए खर्च हो रहे हैं। संगम नगरी का एयरपोर्ट अभी लखनऊ, वाराणसी के बाद प्रदेश में तीसरे नंबर पर आता है।

## मेजा मे बेकाबू कार ने दो भाइयों को रौदा

*एक की मौत, दूसरा घायल, मुकदमा दर्ज कर जांच में जुटी पुलिस*

मेजा। प्रयागराज के मांडा थाना क्षेत्र के पियरी नहर के समीप कार की टक्कर से चचेरे भाई की मौके पर ही मौत हो गई। जबकि दूसरे भाई को नाजुक दशा में शहर के निजी अस्पताल में इलाज हेतु दाखिल कराया गया है। घटना को लेकर परिजनों का रो रो कर बुरा हाल हो गया है। पीड़ित परिजनों की तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर पुलिस मामले की जांच में जुट गई है। मांडा थाना क्षेत्र जे सोनबरसा गाव के रहने वाले सचिन कुमार (22) पुत्र क्गुशी लाल सोमवार की दोपहर अपने चचेरे भाई शिवम (19) पुत्र बलराम के साथ बाइक से पनी बहन के घर कौरव गया था। रात दोनों वापस घर लौट रहे थे। तभी पियरी नहर के समीप वेकाबू कार दोनों को बुरी तरह टक्कर मार दिया। इसमें सचिन की तत्काल मौत हो गई। जबकि चचेरा भाई बुरी तरह घायल हो गया। हादसा इतना भयावह रहा की बाइक के चीथड़े चीथड़े हो गए। वहीं राहगीरों की सूचना पर पहुचें सब इंस्पेक्टर माध ाव प्रसाद त्रिपाठी ने घायल को इलाज के लिए अस्पताल भेजा और शव को कब्जे मे लेकर परिजनों को सूचना दी। उधर सूचना पर रोते विलखते परिजन घटना स्थल पहुचें। वहीं घायल को नाजुक दशा में डाक्टरों ने स्वरूपरानी नेहरू अस्पताल भेजा है।



मृतक के परिजनों की तहरीर पर मुकदमा : पुलिस ने वताया की मृतक के पिता खुशी लाल की तहरीर पर नामजद मुकदमा दर्ज कर शव को पोस्टमॉर्टम के लिए शहर भेज दिया गया है। दोनों वाहन कब्जे मे लिए गये है। दोनो वाहन क्षतिग्रस्त हैं।

मृतक की पत्नी गर्भवती, सदमे में हुई बेहोश

बताया जात है की मृतक सचिन की एक वर्ष पूर्व शादी रीना से हुई थी। रीना इन दिनों गर्भवती है। मौत की सूचन पर रीना बेहोश होकर जमीन पर गिर पड़ी। परिजन संभालने मे जूते रहे।

# प्रयागराज में प्रेमी–प्रेमिका ने सुसाइड किया

## पहले हाथ की नस काटी, फिर जंगल में जाकर फंदे से दोनों लटक गए





प्रयागराज। प्रयागराज के गंगापार इलाके के बहरिया में मंगलवार तड़के प्रेमी–प्रेमिका ने सुसाइड कर लिया। दोनों ने पहले तो अपने हाथ की नस काटी, फिर फंदे से लटक कर जान दे दी। मामला तुलापुरवन स्थित मनसैता नदी के पास जंगल की है। प्रेमी–प्रेमिका दोनों शुक्रवार से अपने–अपने घरों से गायब थे। युवक की पहचान नवाबगंज के घाटमपुर गांव निवासी 27 वर्षीय भागीरथी यादव के रूप में हुई है, जबकि लड़की भी इसी गांव की थी। उसकी उम्र करीब 17 वर्ष थी। किशोरी सप्ताह भर पहले अपनी बुआ के घर धनबलपुर आई थी। पुलिस मामले की जांच कर रही है। भागीरथी यादव का गांव की ही एक किशोरी से प्रेम संबंध था। पिछले साल दोनों भाग गए थे। किशोरी के घरवालों ने नवाबगंज थाने में भागीरथी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया था। पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था। इधर कुछ समय पहले वह जमानत पर जेल से बाहर निकला। किशोरी के परिवार वाले लगातार उस पर नजर रख रहे थे। सप्ताह भर पहले किशोरी को उसके बुआ के घर धनबलपुर भेज दिया गया। शुक्रवार रात किशोरी शौच के बहाने घर से निकली और फिर नहीं लौटी। आसपास उसकी खोजबीन की गई और जब वह नहीं मिली तो उसके फूफा ने बहरिया थाने में तहरीर दी। पुलिस किशोरी की तलाश में जुटी थी कि मंगलवार सुबह मनसैता नदी के पास जंगल में दोनों की लाश पेड़ से रस्सी के सहारे लटकती मिली।

इंटरकास्ट होने से बढ़ रही थी दुश्मनी, गांव में था तनाव

बहरिया इलाके में 17 साल की जानकी और 26 साल के भागीरथ की प्रेम कहानी का अंत दोनों की दुखद मौत से हुआ। दोनों ने लाख कोशिश की कि वह शादी कर नई दुनिया बसा लें। लेकिन, ऐसा न हो सका। असल में दोनों के बीच प्रेम कहानी की सबसे बड़ी दिक्कत इंटरकास्ट होना था। युवती दलित थी, जबकि युवक यादव जाति का था। सबसे बड़ी समस्या दोनों का एक ही गांव का होना था। प्रेम कहानी की चर्चाएं फैलीं तो दुश्मनी बढ़ती गई। कई बार परिवारों के बीच विवाद भी हुआ। हालात ये हो गए कि गांव में दो जातियों के बीच तनातनी की नौबत आ गई।

घरवालों ने लगा दिया था पहरा : जानकी का जन्म दिसंबर 2006 को हुआ था। पुलिस का कहना है कि अभी वह 17 साल के ऊपर है, लेकिन बालिग नहीं थी। दोनों कोर्ट मैरिज के प्रयास में थे। लड़की का बालिग न होना, उन्हें परेशान कर रहा था। जल्दबाजी में कदम उठाया तो परिवार दोनों को तलाशने लगे। उन्हें लगा कि अब वह मिल नहीं पाएंगे। ऐसे में जान देने का फैसला कर लिया। डीसीपी गंगा नगर अभिषेक भारती का कहना है कि दोनों परिवार वालों का बयान दर्ज किया गया है। जांच की जा रही है। शवों का पोस्टमॉर्टम कराया जा रहा है। जंगल में सुसाइड नोट की तलाश की जा रही है।

# बालिग लड़के–लड़की लिव–इन में रह सकते हैं

## शादी से कोई नहीं रोक सकता, इलाहाबाद हाईकोर्ट ने कहा–यह आर्टिकल–21 में मिले जीवन का मूल अधिकार

प्रयागराज। इलाहाबाद हाईकोर्ट ने कहा– 18 साल से अधिक उम्र के लड़के–लड़की अपनी मर्जी से साथ रहने और शादी कर सकते हैं। यह उसे आर्टिकल–21 से मिले जीवन का मूल अधिकार है।कोर्ट ने कहा– राज्य का दायित्व है कि मानव जीवन की रक्षा करें। कोर्ट ने उस मजिस्ट्रेट की आलोचना की है जिसके सामने वयस्क लड़की ने अपने चाचा व परिवार से जान का खतरा बताया और मजिस्ट्रेट ने एफआईआर की बजाय उन्हीं लोगों को लड़की की अभिरक्षा सौंप दी। जिनसे उसने जीवन को खतरा बताया था। कोर्ट ने कहा–आनर किलिंग की घटनाओं से कोई अनजान नहीं है, इसलिए मानव जीवन बचाना महत्वपूर्ण है। यह आदेश न्यायमूर्ति जे जे मुनीर और न्यायमूर्ति अरुण कुमार सिंह देशवाल की खंडपीठ ने नाजिया अंसारी व हिदायत की याचिका को स्वीकार करते हुए दिया है।

अब आपको बताते हैं कोर्ट ने क्या कहा...

हाईकोर्ट ने कहा–किसी वयस्क को दूसरे की अभिरक्षा में नहीं सौंपा जा सकता और उसकी मर्जी के खिलाफ किसी के साथ उसे रहने के लिए बाध



य नहीं किया जा सकता।

कोर्ट ने कहा– लड़की के मजिस्ट्रेट के समक्ष जीवन को खतरे के बयान के बाद आरोपी पर एफआईआर दर्ज होनी चाहिए थी। एसपी सिद्धार्थनगर व एसएचओ बांसी कोई कार्रवाई न करने के लिए समान रूप से जवाबदेह हैं। उन्होंने याची को सुरक्षा नहीं दी।

कोर्ट ने याचियों के खिलाफ बांसी थाने में चाचा मोहम्मद जहीर द्वारा दर्ज कराई एफआईआर रद कर दी है। पुलिस अधिकारियों को आदेश दिया है कि याची जहां चाहे जा सकती है। उसके चाचा या परिवार वाले उसे कोई नुकसान न पहुंचाने पाएं, अन्यथा वे कोर्ट के प्रति जवाबदेह होंगे।

यह आदेश न्यायमूर्ति जे जे मुनीर तथा न्यायमूर्ति अरुण कुमार सिंह देशवाल की खंडपीठ ने नाजिया अंसारी व हिदायत की याचिका को स्वीकार करते हुए दिया है।

याची का कहना था कि उसकी आयु 21 साल है। वह बालिग है। अपनी मर्जी से घर छोड़ा और हैदराबाद में 17 अप्रैल 24 को मुस्लिम रीति से शादी की है। तेलंगाना राज्य वक्फ बोर्ड के सीईओ ने शादी का प्रमाणपत्र भी दिया है।

इसके बावजूद चाचा ने अपहरण के आरोप में दर्ज एफआईआर के तहत पुलिस ने याची के पति को अरेस्ट कर लिया और याची को अवैध अभिरक्षा में ले लिया तथा मजिस्ट्रेट के आदेश से उसे उसकी मर्जी के खिलाफ उसके चाचा को सौंप दिया गया। जिससे उसकी हत्या की उसने आशंका जताई थी।

कोर्ट ने कहा– चाचा को एफआईआर दर्ज करने या ध् ामकाने का अधिकार नहीं था। ऐसा एफआईआर अवैध व अधि ाकारातीत है। कोर्ट ने मामले को गंभीर माना है।

# कैंसर मरीज का दूसरे ने बनवा लिया आयुष्मान कार्ड

## प्रयागराज में बेटा कागज लेकर लगा रहा चक्कर, पिता का वाराणसी में चल रहा इलाज

प्रयागराज। आयुष्मान भारत योजना में फर्जीवाड़ा का खेल नहीं थम रहा है। कैंसर पीड़ित



व्यक्ति को आयुष्मान कार्ड का लाभ नहीं मिल रहा। बल्कि किसी ने फर्जी आधार कार्ड लगाकर उसका आयुष्मान कार्ड हासिल कर लिया है। बेटा सभी कागज लेकर ब्ड० ऑफिस का चक्कर लगा रहा है।

आइए, जानते हैं क्या है पूरा मामला

फूलपुर तहसील के धोकरी, सैदाबाद गांव के रहने वाले प्रदीप सिंह आयुष्मान भारत योजना के लाभार्थी हैं और उनका नाम आयुष्मान भारत योजना की लिस्ट में भी है। पिछले कुछ दिन पहले पता चला कि बोन कैंसर हो गया है। पहले तो इनका इलाज वाराणसी के बीएचयू में चल रहा था लेकिन वहां से महामना पंडित मदन मोहन मालवीय कैंसर सेंटर के लिए रेफर कर दिया गया। परिवार के लोगों ने बताया– वह आयुष्मान योजना का लाभार्थी हैं तो चेक करने के बाद वहां के लोगों ने बताया कि यह किसी और का है जबकि सूची में परिवार के सभी सदस्यों का नाम दिखा रहा था। सोमवार को मानवेंद्र कागज लेकर प्रयागराज के सीएमओ ऑफिस तो पता चला कि कोई फर्जी आधार कार्ड लगाकर आयुष्मान कार्ड बनवा लिया है।

हलफनामा लगाकर आवेदन करने पर होगा सुधार

आयुष्मान सेल में जांच पड़ताल हुई तो हलफनामा के साथ आवेदन किए जाने की बात कही गई और फिर उसे लखनऊ मुख्यालय से सुधार कराया जाएगा।


**आवश्यक सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि **मेरे पुत्र का सही नाम शरव शुक्ला** पुत्र विवेक शुक्ला है, जो उसके शैक्षिक अभिलेख में अंकित है। **त्रुटिवश मेरे पुत्र के आधार कार्ड संख्या-9415 7883 5973 में कान्हा शुक्ला अंकित हो गया है**, जो उसका घरेलू नाम है। भविष्य में मेरे पुत्र को शरव शुक्ला पुत्र विवेक शुक्ला के नाम से जाना व पहचाना जावे।

**विवेक शुक्ला**
पुत्र अरुण कुमार शुक्ला,
**निवासी**-141/सी,
मालवीय रोड,
जॉर्जटाउन, सदर,
प्रयागराज । 211002



**बेदखली सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि **हमने अपनी छोटी लड़की अजरा बीबी** पुत्री आमिर अहमद जो लगभग 19 वर्ष की है , जिसकी चाल चलन ठीक नही है ,जो आवारा किस्म की लड़की है जिसका संबंध गलत लोगों के साथ रहता है , और हमारे कहने -सुनने मे नही रहती है । इसके कृत्यों से हमारी सामाजिक प्रतिष्ठा धूमिल होती है, इसलिए मैं और मेरा पूरा परिवार उससे **अपना संबंध विच्छेद कर उन्हें अपनी समस्त चल व अचल संपत्ति से बेदखल कर दी है** । भविष्य मे उसके क्रिया कलापों एवं आर्थिक लेन-देन की ज़िम्मेदारी स्वयं उसकी होगी , हमारी व हमारे परिवार की नही होगी।

**रज़िया बीबी**
**पत्नी** आमिर अहमद
**नि0** अहमदपुर पावन
थाना पूरामुफ्ती
जिला इलाहाबाद।


## याचिकाकर्ता ने कहा–यूपी पुलिस घरों में कुर्बानी से रोक रही

*बकरीद पर कुर्बानी का मामला हाईकोर्ट पहुंचा, जज ने यूपी सरकार से मांगा जवाब*

प्रयागराज। यूपी में बकरीद पर घरों में बकरों की कुर्बानी का मामला इलाहाबाद हाईकोर्ट पहुंच गया। मऊ के मुहम्मद शाहिद ने कोर्ट में याचिका दाखिल की। उन्होंने कहा– पुलिस घर में कुर्बानी से रोक रही है। मंगलवार को जस्टिस सिद्धार्थ वर्मा और मनीष कुमार निगम की खंडपीठ ने याचिका पर सुनवाई की। कोर्ट ने यूपी सरकार से जवाब मांगा है। मामले में कल यानी बुधवार को फिर से सुनवाई होगी। मुहम्मद शाहिद ने कहा– मैंने 7 जून को याचिका दाखिल की थी। मेरे गांव के लोग हर साल बकरीद पर घरों में जानवरों की कुर्बानी करते आ रहे हैं। पिछले साल पुलिस ने धमकी देकर इसकी जांच की। इस बार भी पुलिस धमकी दे रही कि जानवरों की घर में कुर्बानी नहीं की जाएगी।



उन्होंने कहा कि पुलिस की कार्रवाई गैर कानूनी है। इसलिए मैंने कोर्ट से इस मामले में हस्तक्षेप करने की मांग की है।

अल्पसंख्यक आयोग के अध्यक्ष बोले– सड़क या खुली जगहों पर कुर्बानी न करें

उन्होंने कहा– सड़क पर या खुली जगहों पर कुर्बानी न करें। बकरीद पर उन्हीं जानवरों की कुर्बानी दी जाए, जिसकी कानून इजाजत देता है।

उन्होंने कहा– नमाज के समय ईदगाह और मस्जिदों में काफी भीड़ रहती है। अधिकारियों से मांग की गई कि बेहतर सुरक्षा व्यवस्था और साफ सफाई का ध्यान रखा जाए। धार्मिक स्थल के बाहर सड़क पर कोई भी नमाज न अदा करें। अशफाक सैफी ने प्रमुख सचिव, गृह विभाग, नगर विकास विभाग, क्ळच्, कलेक्टर, पुलिस विभाग, न्याय पंचायत को पत्र लिखा है। इसमें जानवरों की खरीद–फरोख्त को लेकर व्यापारियों को परेशान न करने की मांग की। पुलिस से अराजकतत्वों पर नकेल कसने की बात भी कही गई है।

## समर कैंप में मेडल, गिफ्ट पाकर खुशी से झूमे बच्चे

*रेलवे के समर हॉबी कैंप का समापन, स्केटिंग, आर्ट–क्राफ्ट, नृत्य तथा ताइक्वांडो कोर्स चला*

प्रयागराज। रेलवे की ओर से तीनों मंडलों प्रयागराज, आगरा और झांसी में समर हॉबी कैंप लगाए गए हैं। उत्तर मध्य रेलवे



महिला कल्याण संगठन मुख्यालय प्रयागराज की ओर से आयोजित समर हॉबी कैंप का समापन हो गया। 21 दिनों तक चलने वाले कैंप में कुल 176 बच्चों ने भाग लिया। कैम्प में स्केटिंग, आर्ट एवं क्राफ्ट, नृत्य तथा ताइक्वांडो कोर्सों को सिखाया गया। इस मौके पर संगठन की अध्यक्षा शिखा गोयल द्वारा स्केटिंग एवं ताइक्वांडो प्रतियोगिता में प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले बच्चों को मेडल देकर सम्मानित किया गया। इसके अलावा बच्चों द्वारा बनाये गये आर्ट एवं क्राफ्ट पेन्टिंग की आयोजित प्रदर्शनी का लोकार्पण किया गया। प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले बच्चों को मेडल प्रदान किए गए। बच्चों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम भी प्रस्तुत किया गया। सभी बच्चों को पौधे दिए गए ताकि पर्यावरण के संरक्षण के बारे में जागरूकता पैदा हो। समर कैम्प में भाग लेने वाले सभी बच्चों को प्रमाण–पत्र वितरित किए गए। संगठन की सचिव ऋचा वर्मा, सुप्रिया सिन्हा, ज्योति सिन्हा, कल्पना अग्रवाल, राखी जैन, रेणु पोनिया, राजेनी चन्द्रायन एवं नीलम कुमार उपस्थित रहीं।

## फर्जी आईएएस व मंत्री का सचिव बनकर ठगी करने के आरोपी पर चार्जशीट, विवेचना में सही मिले आरोप

प्रयागराज। फर्जी आईएएस और कैबिनेट मंत्री आशीष पटेल की निजी सचिव बनकर स्कूल में दाखिला कराने के लिए स्कूल प्रबंधन, पुलिस अफसरों, थानेदार पर दबाव और रौब दिखाने वाली निजी शिक्षिका पर चार्जशीट दायर कर दी गई है। विवेचना में उस पर मिले आरोप सही मिले। यह भी तथ्य सामने आया कि वह पहले भी इस तरह से धोखाधड़ी कर चुकी थी।


**अदालती नोटिस**

हेतु सन्दर्शित करने की सूचना (साधारण प्रारूप)
**न्यायलय सिविल जज (क0 श्रे0) गर्वी इलाहाबाद**
**उत्तराधिकार वाद संख्या 93** **सन 2024**
**शीलम पुष्पाकर उम्र लगभग 32 वर्ष पत्नी स्व. आनंद सैनी निवासिनी 189W/1B/7Z भोला का पुरवा सुलेम सराय तहसील सदर जनपद प्रयागराज ।**
**...याचिनी**
**बनाम्**
**अर्ग सैनी उम्र लगभग 11 वर्ष पुत्र स्व. आनंद सैनी जरिये संरक्षक नाना विक्रमादित्य पुत्र स्व. ललारम निवासी ग्राम सराय केशव पोस्ट अटरामपुर तहसील सोराव जिला प्रयागराज ।**
...विपक्षी
**प्रार्थनापत्र अंतर्गत धारा 372 भारतीय उत्तराधिकार अधिनियम**
चूँकि ऊपर नमोकित याचिनी ने इस न्यायालय से यह आवेदन किया है कि अतएव आपको एतद द्वारा चेतावनी दी जाती है कि आप उस आवेदन के खिलाफ हेतु सदर्शित करने के लिए **2024 के 07 के 09 दिवस को 2 बजे पूर्वाह्न** में स्वयं या सम्यक रूपेण अनदिष्ट अपने अधिवक्ता द्वारा उपस्थित हों और ऐसा करने में असफल होने पर उक्त आवेदन एक पक्षीय रूप से सुना जायेगा और अवधारित किया जायेगा ।
मेरे हस्ताक्षर और न्यायालय के मुहर सहित आज के दिवस को निकाला गया है।
**ता.पेशी 09-07-2024**
**न्यायाधीश**

## संक्षिप्त




### घरेलू बाजारों में शुरुआती कारोबार में गिरावट, सेंसेक्स 113 अंक गिरकर 76,376 पर खुला

मुंबई। घरेलू बाजारों में मंगलवार को शुरुआती कारोबार में गिरावट आई। सेंसेक्स और निफ्टी दोनों सोमवार को शुरुआती कारोबार में अपने सर्वकालिक उच्चतम स्तर पर पहुंच गए थे। बीएसई का 30 शेयर वाला सेंसेक्स 113.63 अंक गिरकर 76,376.45 अंक पर आ गया। एनएसई निफ्टी 29.6 अंक फिसलकर 23,229.60 अंक पर रहा। बाद में दोनों सूचकांकों में भारी उतार–चढ़ाव रहा और वे उच्च व निम्न स्तर के बीच कारोबार कर रहे थे। सेंसेक्स में सूचीबद्ध 30 कंपनियों में से जेएसडब्ल्यू स्टील, कोटक महिंद्रा बैंक, एशियन पेंट्स, रिलायंस इंडस्ट्रीज, एक्सिस बैंक, आईसीआईसीआई बैंक, भारती एयरटेल, टाटा मोटर्स, एचडीएफसी बैंक और इंडसइंड बैंक के शेयरों को सबसे अधिक नुकसान हुआ। लार्सन एंड टुब्रो, महिंद्रा एंड महिंद्रा, टेक महिंद्रा, अल्ट्राटेक सीमेंट, टाटा स्टील और टाइटन के शेयरों में तेजी आई। एशियाई बाजारों में दक्षिण कोरिया का कॉस्पी और जापान का निक्की फायदे में रहे, जबकि हांगकांग का हैंगसेंग तथा चीन का शंघाई कम्पोजिट नुकसान में रहा। अमेरिकी बाजार सोमवार को सकारात्मक रुख के साथ बंद हुए। वैश्विक तेल मानक ब्रेंट क्रूड वायदा 0.23 प्रतिशत की गिरावट के साथ 81.44 अमेरिकी डॉलर प्रति बैरल पर कारोबार कर रहा था। शेयर बाजार के आंकड़ों के मुताबिक, विदेशी संस्थागत निवेशक (एफआईआई) पूंजी बाजार में सोमवार को लिवाल रहे और शुद्ध रूप से 2,572.38 करोड़ रुपये की कीमत के शेयर खरीदे थे।

### अश्विनी वैष्णव के सामने इलेक्ट्रॉनिक्स, IT क्षेत्र में रफ्तार कायम रखने की चुनौती

नयी दिल्ली। केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव को नई सरकार में भी इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री बनाया गया है। पिछले कार्यकाल में भी उन्होंने इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सेमीकंडक्टर विनिर्माण की दिशा में प्रयास करने के अलावा डिजिटल व्यक्तिगत डेटा संरक्षण कानून बनाने में अहम भूमिका निभाई। वैष्णव के पास रेल मंत्रालय का जिम्मा भी है। इसके अलावा उन्हें इस बार सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय का अतिरिक्त प्रभार




भी मिला है। भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (आईआईटी) कानपुर के पूर्व छात्र और भारतीय प्रशासनिक सेवा (आईएएस) के पूर्व अधिकारी वैष्णव ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के दूसरे कार्यकाल में भी कई अहम मंत्रालयों का दायित्व संभाला था। मोदी सरकार के तीसरे कार्यकाल में भी वैष्णव को अपनी पुरानी रफ्तार कायम रखना होगी। यह भारत को इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी (आईटी) क्षेत्र में आत्मनिर्भर बनाने के लिए महत्वपूर्ण है। वैष्णव के कार्यकाल में देश ने 4.1 लाख करोड़ रुपये के मोबाइल फोन का उत्पादन किया जो 2014–15 की तुलना में 21 गुना अधिक है। हालांकि, वैष्णव को डिजिटल व्यक्तिगत डेटा संरक्षण (डीपीडीपी) अधिनियम को लागू करने के लिए सक्षम नियमों पर काम करना होगा। उन्हें प्रस्तावित डिजिटल इंडिया अधिनियम को भी आकार देना होगा जो दो दशक पुराने आईटी अधिनियम का स्थान लेगा। वैष्णव ने वैश्विक सेमीकंडक्टर फर्म माइक्रोन का चिप असेंबली संयंत्र लगवाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। इसके बाद स्वदेशी समूह टाटा से गुजरात में चिप निर्माण संयंत्र और असम में एक असेंबली इकाई स्थापित करने के लिए दो निवेश प्राप्त हुए हैं।

### एयर इंडिया एक्सप्रेस के कर्मचारी संगठन ने 'चार्ज–शीट' भेजे जाने पर नाराजगी जताई

मुंबई । एयर इंडिया एक्सप्रेस के कर्मचारियों के एक संगठन ने दावा किया है कि एयरलाइन ने पिछले महीने बीमार होने की सूचना देने पर चालक दल के 200 सदस्यों के खिलाफ आरोप–पत्र (चार्ज शीट) जारी किया है। कर्मचारियों के अचानक छुट्टी पर चले जाने से एयरलाइन को काफी मुश्किलों का सामना करना पड़ा था। एयर इंडिया एक्सप्रेस कर्मचारी संघ ने चालक




दल के सदस्यों के खिलाफ एयरलाइन के इस कदम को दुर्भाग्यपूर्ण और अनुचित श्रम व्यवहार करार दिया है। कर्मचारी संघ ने एयर इंडिया एक्सप्रेस के प्रमुख आलोक सिंह को रविवार को लिखे पत्र में चेतावनी भरे लहजे में कहा कि एयरलाइन प्रबंधन की ऐसी कार्रवाई कंपनी और उसके यात्रियों के हितों के लिए हानिकारक हो सकती है। इस पर एयर इंडिया एक्सप्रेस की ओर से अबतक कोई टिप्पणी नहीं आई है। कर्मचारी संगठन से जुड़े सूत्रों ने कहा कि पांच जून को चालक दल के लगभग 200 सदस्यों को प्रबंधन ने आरोप–पत्र भेजा था जिसमें जवाब दाखिल करने के लिए 72 घंटे की समयसीमा दी गई थी। एयर इंडिया एक्सप्रेस के लगभग 200 सदस्य एयरलाइन में कथित कुप्रबंधन के विरोध में सात मई को हड़ताल पर चले गए थे। इससे एयरलाइन को कई दिन तक अपनी सैकड़ों उड़ानें रद्द करनी पड़ी थीं।

# अमेरिका के खिलाफ शिवम दुबे का कटेगा पत्ता! संजू या यशस्वी में से किसे मिलेगा मौका

*अब भारत को बुधवार यानी 12 जून को मेजबान यूएसए से भिड़ना है। दोनों टीमों की ये भिड़ंत न्यूयॉर्क के नासाउ काउंटी क्रिकेट स्टेडियम में भारतीय समयानुसार रात 8 बजे से होगी। जहां पहले भारत ने आयरलैंड को 8 विकेट से हराया वहीं पाकिस्तान के खिलाफ 6 रनों से रोमांचक जीत दर्ज की।*



पहले आयरलैंड और फिर पाकिस्तान के खिलाफ बेहतरीन जीत के बाद अब भारत को बुधवार यानी 12 जून को मेजबान यूएसए से भिड़ना है। दोनों टीमों की ये भिड़ंत न्यूयॉर्क के नासाउ काउंटी क्रिकेट स्टेडियम में भारतीय समयानुसार रात 8 बजे से होगी। जहां पहले भारत ने आयरलैंड को 8 विकेट से हराया वहीं पाकिस्तान के खिलाफ 6 रनों से रोमांचक जीत दर्ज की। हालांकि, टी20 के इतिहास में ये पहला मौका होगा जब दोनों टीमें एक–दूसरे के खिलाफ मैदान में उतरेंगी। इस मुकाबले में दोनों टीमों की कोशिश होगी कि वो जीत हासिल करें और सुपर 8 में जाने के लिए अपनी दावेदारी और मजबूत कर लें। इस वक्त दोनों टीमें अपने पहले दो मैच जीतकर 4–4 अंक हासिल कर चुकी हैं और भारत नंबर 1 पर नेटरनरेट के आधार पर है जबकि अमेरिका दूसरे नंबर पर काबिज है। वहीं अगर बारिश के कारण ये मुकाबला रद्द होता है तो दोनों टीमों को एक–एक अंक मिलेगा और इस स्थिति में पाकिस्तान की टीम सुपर 8 की रेस से बाहर हो जाएगी, लेकिन अगर ये मैच होता है तो टीम इंडिया एक मजबूत प्लेइंग इलेवन के साथ मैदान पर उतर सकती है।

शिवम दुबे होंगे बाहर!

पिछले दो मैच जीत चुकी टीम इंडिया अमेरिका के खिलाफ अपनी प्लेइंग इलेवन में बदलाव करेगी या तो भविष्य बताएगा। लेकिन बदलाव की संभावना कम ही लगती है, वहीं अगर भारत किसी तरह का बदलाव करता भी है तो संभवना है कि शिवम दुबे को बाहर किया जा सकता है। बता दें कि, पिछले मुकाबले में यानी पाकिस्तान के खिलाफ दुबे अच्छा परफॉर्म नहीं कर पाए थे। उनकी फॉर्म लगातार सवालों के घेरे में है। वहीं अगर दुबे टीम से बाहर होते हैं तो फिर उनकी जगह संजू सैमसन या फिर यशस्वी जायसवाल में से किसी एक को मौका मिल सकता है।

यशस्वी जायसवाल को मिल सकता है मौका

अमेरिका के खिलाफ दुबे अगर बाहर होते हैं तो उनकी जगह यशस्वी जायसवाल को टीम में मौका मिलने की संभावना ज्यादा है। वहीं जायसवाल अगर टीम में आते हैं तो वो रोहित शर्मा के साथ ओपनिंग करेंगे और विराट कोहली तीसरे नंबर पर खेल सकते हैं। बता दें कि, पिछले दो मैचों में रोहित शर्मा के साथ बतौर ओपनर विराट कोहली फेल हुए हैं। उन्होंने आयरलैंड के खिलाफ महज 1 रन जबकि पाकिस्तान के खिलाफ 4 रन ही बनाए और अपना विकेट गंवा बैठे। प्लेइंग इलेवन में संजू सैमसन को शामिल किए जाने की संभावना फिलहाल नजर नहीं आ रही है। यशस्वी की एंट्री होती है तो भारत को लेफ्ट–राइट कॉम्बिनेशन मिल जाएगा और ये विरोधी टीम के लिए परेशान करने वाला हो सकता है। हालांकि, भारतीय तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह, अर्शदीप सिंह, मोहम्मद सिराज अच्छा कर रहे हैं और हार्दिक पंड्या की गेंदबाजी भी दिल जीतने वाली है। ऐसे में टीम में गेंदबाजी विभाग में बदलाव के कम ही आसार लग रहे हैं। अक्षर पटेल ने खुद को साबित किया है, लेकिन रविंद्र जडेजा ज्यादा प्रभाव नहीं डाल पा रहे हैं। पाकिस्तान के खिलाफ वो गोल्डन डक हो गए थे लेकिन उन्हें प्लेइंग इलेवन से बाहर भी नहीं किया जा सकता है। जिस कारण कुलदीप यादव और युजवेंद्र चहल का इंतजार और बढ़ सकता है।

भारतकी संभावित प्लेइंग इलेवन

रोहित शर्मा (कप्तान), यशस्वी जायसवाल, विराट कोहली, सूर्यकुमार यादव, ऋषभ पंत (विकेटकीपर), हार्दिक पंड्या, अक्षर पटेल, रविंद्र जडेजा, जसप्रीत बुमराह, अर्शदीप सिंह, मोहम्मद सिराज।

# मिस्बाह उल हक ने की टीम मैनेजमेंट की आलोचना, शोएब मलिक को पसंद नहीं बाबर आजम की कप्तानी

*टी20 वर्ल्ड कप 2024 के मुकाबले में पाकिस्तानी गेंदबाजों ने भारतीय टीम को औसत से कम 119 रन पर रोक दिया था। इसके बाद पाकिस्तान के मुंह से भारतीय टीम ने जीत झीनकर उन्हें अभी तक इस वर्ल्ड कप में दूसरी हार दी है। इससे पहले पाकिस्तान को अमेरिका से हार झेलनी पड़ी थी।*

आईसीसी टी20 वर्ल्ड कप 2024 के मुकाबले में पाकिस्तानी गेंदबाजों ने भारतीय टीम को औसत से कम 119 रन पर रोक दिया था। इसके बाद पाकिस्तान के मुंह से भारतीय टीम ने जीत




झीनकर उन्हें अभी तक इस वर्ल्ड कप में दूसरी हार दी है। इससे पहले पाकिस्तान को अमेरिका से हार झेलनी पड़ी थी। पाकिस्तानी ऑलराउंडर शोएब मलिक ने टी20 वर्ल्ड कप में भारत के खिलाफ 6 रन से हार के बाद कप्तान बाबर आजम और टीम के सीनियर खिलाड़ियों की बल्लेबाजी पर तीखा हमला बोला है। वहीं पाकिस्तान के पूर्व कप्तान मिस्बाह उल हक ने टीम प्रबंधन की जमकर आलोचना की है। पाकिस्तान क्रिकेट टीम के पूर्व कप्तान शोएब मलिक ने टेन स्पोर्ट्स पर कहा कि, मैं लंबे समय से कह रहा हूं कि कृपया कप्तानी छोड़ दें। आप एक बेहतरीन खिलाड़ी हैं और आप तभी अपनी क्लास दिखा पाएंगे जब आपके ऊपर कोई अतिरिक्त जिम्मेदारी नहीं होगी। अगर बाबर आजम कप्तानी से दूर रहते हैं तो ये उनके लिए अच्छा होगा। शोएब मलिक ने पाकिस्तान के बल्लेबाजी प्रदर्शन, खासकर उनके दो वरिष्ठ खिलाड़ियों बाबर आजम और रिजवान के प्रदर्शन का आकलन किया। शोएभ मलिक ने कहा कि, लोग बाबर और रिजवान के स्ट्राइक रेट के बारे में बात करते रहते हैं, इसलिए आप सैम अयूब को लेकर आए। 120 रन बनाने थे। आप कल अपना स्ट्राइक रेट सुधारने की कोशिश क्यों कर रहे थे? हर तरह से मंच तैयार था। अगर एक लीडर और बल्लेबाज के तौर पर इस तरह की परिस्थितियों में आपका दिमाग काम नहीं करता है तो ये कब काम करेगा? शोएब मलिक ने ये भी कहा कि, मैं आज ये कहने के लिए मजबूर हूं कि टी20 फॉर्मेट में इस टीम के मुख्य खिलाड़ियों का समर्थन करना बंद कर देना चाहिए। शोएब ने भारत के खिलाफ रिजवान के शॉट चयन पर भी सवाल उठाए हैं। उन्होंने कहा कि मुझे रिजवान का वह शॉट समझ में नहीं आया। इसके अलावा मिस्बाह ने रन चेज के समय पाकिस्तान के दृष्टिकोण में गंभीर त्रुटियों की ओर इशारा किया। खासतौर पर मिडिल ऑर्डर के बल्लेबाज इफ्तिखार अहमद का सही इस्तेमाल नहीं करने पर इफ्तिखार मध्यक्रम में एकमात्र विशेषज्ञ बल्लेबाज होने के बावजूद भारत के खिलाफ नंबर 7 पर बैटिंग करने गए थे।

### इस तरह की पिचों से अमेरिका में क्रिकेट का प्रसार करना मुश्किल : हेनरिक क्लासेन

न्यूयॉर्क। दक्षिण अफ्रीका के बल्लेबाज हेनरिक क्लासेन ने नासाउ काउंटी क्रिकेट ग्राउंड की पिच और आउटफील्ड की कड़ी आलोचना करते हुए कहा कि अगर अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) टी20 क्रिकेट के लिए अमेरिका में बाजार तलाश रहा है तो इस तरह की परिस्थितियों में ऐसा करना बेहद मुश्किल होगा। इस मैदान की ड्रॉप इन पिचों पर बल्लेबाजी करना बेहद मुश्किल है। भारत ने टी20 विश्व कप में इस पिच पर 119 जबकि



दक्षिण अफ्रीका ने 113 रन का सफलतापूर्वक बचाव किया। क्लासेन ने बांग्लादेश के खिलाफ 44 गेंद पर 46 रन बनाए और आखिर में उनकी यह पारी निर्णायक साबित हुई। क्लासेन ने दक्षिण अफ्रीका की चार रन से जीत के बाद कहा,''निश्चित तौर पर अगर आप दुनिया को दिखाना चाहते हैं और यहां बाजार तलाश रहे हैं तो मुझे नहीं लगता कि इस तरह की परिस्थितियों में ऐसा करना संभव होगा। क्रिकेट के लिहाज से यह कड़ी प्रतिस्पर्धा है। इससे शीर्ष टीमों और अन्य टीमों के बीच अंतर कम हो गया है।'' इस आक्रामक बल्लेबाज ने कहा कि बल्लेबाज इस तरह की पिच पर खेलना पसंद नहीं करेंगे जबकि गेंदबाज ऐसी पिचों पर खेलना चाहेंगे। आईसीसी पहले ही स्वीकार कर चुका है कि उसने जिस तरह की पिचों की उम्मीद की थी यह वैसी नहीं हैं। क्लासेन ने कहा,'ईमानदारी से कहूं तो 'मुझे लगता है कि सभी बल्लेबाज इस स्थान से बाहर निकलना चाहेंगे लेकिन गेंदबाज यही बने रहना चाहेंगे। लेकिन हमने अपनी भूमिका निभाई और हमारा लक्ष्य यहां तीनों मैच में जीत दर्ज करना था। निश्चित तौर पर जितना हमने सोचा था जीत हासिल करना उससे अधिक मुश्किल रहा।'' उन्होंने कहा,''हमारे लिए यहां काफी तनाव भरा रहा क्योंकि मैच वास्तव में काफी करीबी बन गए। हमारे लिए कोई भी मैच आसान नहीं रहा लेकिन इसके बावजूद यह अच्छा मनोरंजक क्रिकेट है। कोई भी टीम इस मैदान पर किसी भी टीम को हरा सकती है।'' पिछले साल मेजर लीग क्रिकेट में खेलने वाले क्लासेन ने कहा,''मैं डलास और उत्तरी कैरोलिना में खेला था। वहां विकेट इससे बेहतर थे और उस तरह की परिस्थितियों में क्रिकेट का प्रसार करना थोड़ा आसान हो जाता है।

# एप्पल के आईफोन को लेकर एलन मस्क ने लिया बड़ा एक्शन, बैन कर दी डिवाइस

एलन मस्क ने अपनी कंपनी में एप्पल की सभी डिवाइस के उपयोग को करने से बैन करने को कहा है। एप्पल कंपनी ने



सोमवार को ही वर्ल्ड वाइड डेवलर कॉन्फ्रेंस की शुरुआत की है। इस प्रोग्राम में एप्पल कंपनी ने iOS 18 और कई अन्य ऑपरेटिंग सिस्टम को पेश किया है। इस प्रोग्राम के जरिए इन ऑपरेटिंग सिस्टम के फीचर्स की जानकारी भी कस्टमर्स को दी जा रही है। कंपनी ने इस प्रोग्राम में एप्पल इंटेलिजेंस को भी लॉन्च कर दिया है। बता दें कि एप्पल ने हाल ही में ChatGPT मेकर OpenAI के साथ पार्टनरशिप की घोषणा की है। एप्पल को लेकर दुनिया के अमीर लोगों में शुमार एलन मस्क ने अपनी नाराजगी सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर जाहिर की है। एलन मस्क ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर एक पोस्ट में लिखा कि वो अपने ऑफिस में एप्पल आईफोन और मैकबुक के इस्तेमाल पर प्रतिबंध लगा रहे है। इस आदेश के बाद कंपनी के कर्मचारी ऑफिस में एप्पल कंपनी के प्रोडक्ट का उपयोग नहीं कर सकेंगे। ऐप्पल को लेकर एलन मस्क ने अपनी कंपनी में कुछ नियम भी लागू किए है। यानी एप्पल के प्रोडक्ट सिर्फ कर्मचारियों के लिए ही बैन नहीं किए गए हैं बल्कि ये प्रोडक्ट कंपनी में आने वाले विजिटर्स के लिए भी एप्पल के प्रोडक्ट्स को इस्तेमाल करने पर रोक लगाई है। ऑफिस में एंटर करने से पहले विजिटर्स की चेकिंग भी की जाएगी। ये भी कंफर्म किया जाएगा कि किसी विजिटर के पास एप्पल आईफोन या मैक बुक नहीं होना चाहिए। टेस्ला सीईओ एलन मस्क ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर अपना रिएक्शन भी दिया है। उन्होंने कहा कि ओपनएआई और एप्पल की पार्टनरशिप काफी निराशाजनक है। अगर आईफोन के ओएस के साथ ओपनएआई भी आएगा तो ऑफिस में इसका उपयोग बंद होगा। बता दें कि एलन मस्क समय समय पर ओपन एआई पर कई गंभीर आरोप लगाते रहे है। वो दावा करते हैं कि ओपन एआई डेटाएक्सेस करने में सक्षम है।

### मेरे शब्द अनुचित और अपमानजनक थे... हरभजन सिंह की फटकार के बाद पाकिस्तानी क्रिकेटर कामरान अकमल ने मांगी माफी

टी20 वर्ल्ड कप में भारत से मिली हार के बाद से पाकिस्तान झलाया हुआ है। तभी तो पाकिस्तान के पूर्व क्रिकेटर कामरान अकमल के भारतीय तेज गेंदबाज अर्शदीप सिंह पर विवादित टिप्पणी कर डाली। जिसके बाद वो ट्रोलर्स के निशाने पर आ गए, वहीं पूर्व



भारतीय स्पिनर हरभजन सिंह और सिक्ख समाज के फटकार लगाने के बाद कामरान अकमल अब माफी मांग रहे हैं। कामरान अकमल ने ग पर लिखा, मैं अपनी हालिया टिप्पणियों पर बेहद खेद व्यक्त करता हूं। हरभजन सिंह और सिख समुदाय से तहेदिल से माफी मांगता हूं। मेरे शब्द अनुचित और अपमानजनक थे। मैं पूरी दुनिया में सिखों का बहुत सम्मान करता हूं और मेरा कभी किसी को ठेस पहुंचाने का इरादा नहीं था। मैं सच में माफी मांगता हूं।

## सम्पादकीय.......

# तीसरी पारी की तैयारी

भले ही 18वीं लोकसभा में भाजपा बहुमत के जादुई आंकड़े से दूर रह गई हो, लेकिन चुनाव पूर्व गठबंधन के बूते बहुमत हासिल करके और पार्टी व गठबंधन के नेता चुनने के बाद मंत्रिमंडल गठन के मुद्दे को भी राजग ने बेहद जल्दी सुलझा लिया है। रविवार की सायं राष्ट्रपति भवन परिसर में आयोजित शपथ ग्रहण समारोह में राजग नेताओं का उत्साह देखते ही बन रहा था। जैसा कि उम्मीद थी, गठबंधन के साथियों को संतुष्ट करने तथा तमाम सामाजिक समीकरण साधने के लिये प्रधानमंत्री के साथ जम्बो मंत्रिमंडल ने शपथ ली है। जिसमें तीस कैबिनेट मंत्री बताए जाते हैं। जिन राज्यों में इस साल विधानसभा चुनाव होने हैं, वहां ज्यादा मंत्रियों को मंत्रिमंडल में शामिल किया गया है। कैबिनेट व राज्य मंत्री बनाने में ऐसा नजर नहीं आया कि भाजपा गठबंधन सहयोगियों के किसी तरह के दबाव में हो। पिछली सरकार में महत्वपूर्ण मंत्रालय संभालने वाले भाजपा के सांसद वरिष्ठता क्रम में शपथ लेते नजर आए। मंत्रिमंडल के गठन में गठबंधन के हितों के साथ ही जातीय संतुलन और महिलाओं को उचित प्रतिनिधित्व देने का प्रयास किया गया। हरियाणा में भले भी पांच सांसद इस बार चुने गए हों, लेकिन इस साल राज्य में विधानसभा चुनाव को देखते हुए पूर्व मुख्यमंत्री मनोहर लाल को कैबिनेट व राव इंद्रजीत सिंह तथा कृष्णपाल सिंह को राज्यमंत्री बनाया गया। वहीं पंजाब से कोई भाजपा सांसद नहीं चुना गया लेकिन पूर्व मुख्यमंत्री बेअंत सिंह के पोते रवनीत बिट्टू को मंत्रिमंडल में शामिल किया गया है। झारखंड में इस साल चुनाव होने हैं तो राज्य को तीन मंत्री दिये गए हैं। बहरहाल, राजग सरकार के लगातार तीसरे कार्यकाल में भाजपा ने पार्टी, सहयोगी दलों तथा जातीय व क्षेत्रीय समीकरणों को साधने का भरसक प्रयास किया है। जैसे कि महत्वपूर्ण मंत्रालयों को लेकर गठबंधन के साथियों की दावेदारी को लेकर सवाल उठाये जा रहे, उस तरह का कोई टकराव नजर नहीं आया। लेकिन इसके बावजूद नरेंद्र मोदी सरकार के सामने महत्वपूर्ण फैसलों में सर्वसम्मति से निर्णय करने की चुनौती जरूर रहेगी। हालांकि, नेता चुने जाने से पहले नरेंद्र मोदी ने राजग को जैविक गठबंधन के रूप में वर्णित करते हुए अब तक सबसे मजबूत सत्तारूढ़ गठबंधन बताया है। बहरहाल, नरेंद्र मोदी पहली बार गठबंधन सरकार का नेतृत्व करेंगे। उनके सामने मुख्य सहयोगी गठबंधन चंद्रबाबू नायडू की तेलुगू देशम पार्टी और नीतीश कुमार के जनता दल (यू) के साथ तालमेल बनाने की जरूरत होगी। यही वजह है कि 72 सदस्यीय मंत्रिमंडल में गठबंधन दलों के बारह मंत्री बनाये गए हैं। वहीं जातीय समीकरण साधने के लिये 27 ओबीसी, पांच एस.टी व अल्पसंख्यक वर्ग से पांच सांसदों को मंत्रिमंडल में शामिल किया गया। कहा जा रहा है कि भाजपा अपने सहयोगियों के प्रति उदार रवैये अपनाएगी। राजग की कोशिश है कि गठबंधन को मजबूत करके इस बार सशक्त होकर उभरे विपक्ष का मुकाबला किया जा सके। इतना तय है कि कांग्रेस के नेतृत्व में विपक्ष अग्निपथ, समान नागरिक संहिता, बेरोजगारी व महंगाई जैसे संवेदनशील मुद्दों पर राजग सरकार के लिये कड़ी चुनौती पेश करता रहेगा। वहीं सवाल उठाया जा रहा कि क्या नरेंद्र मोदी की अगुआई वाली राजग सरकार सहयोगी दलों की आकांक्षाओं के बीच पिछले दो कार्यकाल की गति से काम कर पाएगी?

# कई आशंकाओं के साथ मोदी फिर पीएम

**एजेंसी**

*आंध्रप्रदेश की तेलुगु देशम पार्टी के चन्द्रबाबू नायडू ने अपने 16 और बिहार के नीतीश कुमार ने अपने जनता दल (यूनाइटेड) के 12 सदस्यों के साथ नेशनल डेमोक्रेटिक एलाएंस (एनडीए) का हिस्सा बनकर मोदी की ताजपोशी कराई है।*

पहले दो बार की तरह उत्साह के साथ नहीं बल्कि कई आशंकाओं के बीच रविवार को नरेन्द्र मोदी ने तीसरी बार प्रधानमंत्री का पद सम्हाल लिया है। उन्होंने इस तरह देश के पहले प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू की बराबरी तो कर ली लेकिन उनकी यह पारी कई तरह के खतरों के बीच शुरू हो रही है। उनके पद सम्हालने के पहले ही यह सवाल पूछे जाने लगे थे कि आखिर यह सरकार कब तक चलेगी। इन आशंकाओं के मजबूत आधार हैं। उसके कई आयाम भी हैं। पहली बात तो यही है कि मोदी सरकार पहले दो बार की भांति अपने बूते नहीं वरन दो दलों की बैसाखियों पर खड़ी है। आंध्रप्रदेश की तेलुगु देशम पार्टी के चन्द्रबाबू नायडू ने अपने 16 और बिहार के नीतीश कुमार ने अपने जनता दल (यूनाइटेड) के 12 सदस्यों के साथ नेशनल डेमोक्रेटिक एलाएंस (एनडीए) का हिस्सा बनकर मोदी की ताजपोशी कराई है। दोनों के साथ मोदी व भारतीय जनता पार्टी का इतिहास खट्टा–मीठा रहा है। एनडीए के कहने को तो और भी कई सहयोगी दल हैं पर इतनी हैसियत किसी अन्य में नहीं है कि वे मोदी सरकार को गिरा सके। टीडीपी और जेडीयू के समर्थन को जितना मजबूत टेका माना जा रहा है, वे ही सबसे कमजोर कड़ियां भी बतलाई जा रही हैं। इसका कारण यह है कि वैचारिक रूप से दोनों पार्टियां भाजपा से दूर हैं। फिर, दोनों के लिये प्रांतीय हित उनकी राजनीतिक वरीयता में हैं। दोनों का इतिहास एनडीए का हाथ कभी धरने का तो कभी झटकने का रहा है। अगर इस मुद्दे पर बात करें कि आखिर क्यों इन दो पार्टियों के सन्दर्भ व परिप्रेक्ष्य में ऐसा कहा जा रहा कि ये दोनों दल एनडीए सरकार से कभी भी अलग हो सकते हैं, तो जवाब है कि अनेक मुद्दे हैं जिन्हें लेकर उनका भाजपा के साथ टकराव होना तय है। मसलन, टीडीपी अल्पसंख्यकों की हितैषी मानी जाती है जबकि भाजपा का नजरिया इस बाबत जगजाहिर है। जिस टीडीपी के साथ भाजपा ने लोकसभा चुनाव के साथ हुआ विधानसभा चुनाव मिलकर लड़ा था, उसने मुस्लिमों के लिये कई तरह की आर्थिक मदद का वादा किया है। इनमें प्रमुख है हज जाने वालों के लिये 1 लाख रुपये की आर्थिक सहायता, मदरसों, मौलवियों को हर माह नकद राशि आदि। भाजपा के लोग इसे कब तक बर्दाश्त करेंगे, कहा नहीं जा सकता। ऐसे ही, नीतीश बाबू सामाजिक न्याय के पुरोधा माने जाते हैं और देश में जाति आधारित जनगणना कराने के वे पैरोकार रहे हैं। भाजपा इसके विरोध में रही है। दोनों (चंद्रबाबू–नीतीश) ही अपने–अपने प्रदेश के लिए विशेष राज्य का दर्जा मांग रहे हैं। जिस तरह से पिछले कई वर्षों से यह मांग लटकाकर रखी गयी है, वह अब भी शायद ही पूरी हो। कारण यह है कि केन्द्र ने अगर यह मांग मान ली तो और भी अनेक राज्यों से यह मांग उठ सकती है। फिर, इसका श्रेय भी क्रमशरू टीडीपी एवं जेडीयू को जायेगा और भाजपा या मोदी उसका राजनीतिक लाभ नहीं उठा पायेगी। आने वाले समय में इन मुद्दों पर परस्पर टकराव सम्भावित है। इतना ही नहीं, समान नागरिकता कानून, नागरिकता संशोधन कानून, राष्ट्रीय नागरिकता रजिस्टर आदि कई ऐसे मसले हैं जिन पर इन दोनों ही प्रमुख धड़ों की एनडीए से एकदम अलग राय है। इन दोनों सहयोगियों के रहते भाजपा इन मुद्दों पर आगे नहीं बढ़ सकेगीय और अगर नहीं बढ़ती तो वह अपने कोर वोटरों को नाराज व निराश दोनों ही करेगी। एक बात तो तय है कि भाजपा का मुस्लिम विरोधी एजेंडा आगे नहीं बढ़ सकेगा जिससे भाजपा कमजोर पड़ेगी क्योंकि यही उसकी मजबूती है। एक और महत्वपूर्ण बात यह है कि आंध्रप्रदेश में तो टीडीपी को इतना बड़ा जनादेश है कि वह भाजपा पर बिलकुल भी निर्भर नहीं हैय पर दिल्ली में उसका साथ छोड़ देने पर केन्द्र सरकार गिर जायेगी। इसलिये चंद्रबाबू कहीं अधिक भारी पड़ रहे हैं। बिहार में अगले वर्ष चुनाव हैं। यदि नीतीश को लगता है कि उनके केन्द्र में एनडीए के साथ रहने से उनका विधानसभा में नुकसान होगा तो वे कोई और फैसला ले सकते हैं। एनडीए इस बार संसद के बाहर व भीतर भी गिरे हुए मनोबल के साथ दिखाई देगी। जबकि इंडिया ब्लॉक बेहद मजबूती के साथ लौटा है। मुख्य विपक्षी दल कांग्रेस तकरीबन 100 सदस्यों के साथ उपस्थित होगा। इससे आधी संख्या में मोदी को पानी पिलाने वाली कांग्रेस के प्रमुख नेता राहुल गांधी दो स्थानों से जीतकर सदन में आएंगे जबकि मोदी पिछले चुनावों के मुकाबले इतने कम वोटों से जीते हैं कि उसे एक तरह से उनकी हार ही कहा जा रहा है। इस समय की लोकसभा की बैठकों में वे यह नहीं कह सकेंगे कि वे एक अकेले सब पर भारी है। इसके साथ ही मोदी की कहें या भाजपा या एनडीए की सबसे बड़ी समस्या यह है कि इंडिया पहले जैसी मजबूती से खड़ा है। पराजय के बाद भी उसमें कोई दरार नहीं पड़ी है। मोदी का वह दावा कहीं से पूरा होता नहीं दिख रहा है जिसमें उन्होंने कहा था कि 4 जून की शाम को इंडिया बिखर जायेगा। लोकसभा में मजबूत विपक्ष भाजपा को हर रोज परेशान करेगा। लोगों का एक यह भी अनुमान है कि सरकार चलाने के लिये और पद पर बने रहने की अनिवार्यता के चलते मोदी को सहयोगियों की भरपूर लल्लो–चप्पो करनी पड़ेगी। इससे उनके प्रति होने वाली उपेक्षा से भाजपा के सदस्यों में निराशा व नाराजगी हो सकती है। यह नाराजगी सरकार को भारी पड़ सकती है।

# मैं शेरनी हूं!

शकील अख्तर

सोनिया गांधी ने कहा मजाक में मगर यह सबसे सही है। मैं शेरनी हूं। वाकई एक शेरनी की तरह वह लगातार लड़ रही हैं। कांग्रेस संसदीय दल की नेता चुने जाने के बाद उन्होंने मोदी पर तीखा हमला करते हुए कहा कि वे हार गए हैं। नेतृत्व करने का अधिकार खो चुके हैं। सोनिया को अब यह सब कहने और करने की जरूरत नहीं है। राहुल, प्रियंका और पार्टी नई ताकत के साथ सामने आए हैं। मोदी को साधारण बहुमत से भी पीछे रोक दिया। मगर जैसा कि खुद सोनिया ने कहा और सही कहा कि वे स्वभाव से शेरनी हैं। राहुल का सबसे बड़ा गुण उनकी निडरता माना जाता है। पिछले दस साल में जब अच्छे–अच्छे डर गए। व्यक्ति क्या संवैधानिक संस्थाएं डर गईं तब भी राहुल डटे रहे। इसी पृष्ठभूमि में अमेठी से जीते किशोरी लाल शर्मा की पत्नी ने राहुल के लिए सोनिया गांधी से कहा कि आपने शेर बच्चा पैदा किया है। दरअसल किशोरी लाल शर्मा का परिवार पंजाबी हैं। और पंजाबी में आम मुहावरा है– शेर पुत्तर! वही उन्होंने हिन्दी में कहा। और सोनिया ने हंस कर जवाब दिया कि मैं भी तो शेरनी हूं। इस दिलचस्प वाकये के एकाध दिन पहले ही हमने ट्वीट किया था कि संजय गांधी के लड़के को डरते हुए देखना बहुत दुखद है। हमने उसमें कहा था कि सिर्फ डीएनए ही कुछ नहीं होता है। परवरिश, माहौल भी बड़ी चीज होती है। जिसने संजय गांधी को देखा है वह जानता है कि डर और दबना क्या होता है वह संजय जानते ही नहीं थे। उन्हीं के बेटे वरुण को जब भाजपा ने टिकट नहीं दिया तो वे चुप रहे। सब सोचते थे कि वे निर्दलीय या किसी पार्टी से चुनाव लड़ेंगे। यूपी में जिस तरह कांग्रेस और समाजवादी पार्टी को जबर्दस्त सफलता मिली है उस माहौल में वरुण का जीतना कोई बड़ी बात नहीं थी। मगर ठीक है वह नहीं लड़े। लेकिन फिर उन्होंने भाजपा का भी प्रचार किया। मेनका गांधी फिर भी हारीं। और उनकी राजनीति खतम हो गई। मगर इसके साथ मेनका ने बेटे का राजनीतिक कैरियर भी दांव पर लगा दिया। वरुण की पहचान गांधी होने के कारण ही थी। और केवल नाम से टाइटल से कुछ नहीं होता है। वह गुण परिवार का आना चाहिए। नहीं तो केवल नाम तो अरुण नेहरू का भी था। मगर आज कौन जानता है? किस को याद है? संजय गांधी का नाम सबको याद है। सबको याद रहेगा। वे तो केवल एक बार ही सांसद बने। और कुछ ही दिन रहे। मगर वरुण तो तीन बार सांसद रहे। लेकिन क्या अगर वे ऐसे ही डरे रहे तो कल कोई उन्हें याद करेगा? इसी संदर्भ में हमने लिखा था कि संजय गांधी के बेटे को डरा हुआ देखकर दुरूख होता है। मगर साथ ही यह कहा था कि परवरिश बहुत महत्वपूर्ण होती है। और यही फर्क है सोनिया गांधी और मेनका में। सोनिया गांधी को भी अपने बच्चे बिना पिता के पालना पड़े। छोटे भाई संजय की तरह राजीव गांधी भी असमय चले गए। सोनिया पर भी दुखों का वैसा ही पहाड़ टूटा। परिवार कभी उस समय की तकलीफों, लोगों का साथ छोड़ जाने की बात नहीं करता है। बहुत बड़प्पन के साथ उसने अपना बुरा वक्त काटा। जो जानता है उसे मालूम है कि किस तरह उस वक्त राजीव गांधी के नजदीक रहे लोगों ने भी सोनिया के साथ धोखा किया। सोनिया गांधी के खिलाफ क्या क्या नहीं बोला। आज ममता बनर्जी की बहुत बात की जा रही है। विपक्ष में सीटें जीतने के मामले में वह तीसरे नंबर पर रहीं। बंगाल में उन्होंने मोदी को रोक दिया। कांग्रेस सौ के बाद सपा 37 और ममता 29 पर रहीं। तो ममता का जिक्र हम इसलिए कर रहे थे कि उस समय 1997 में जब उन्होंने कांग्रेस छोड़ी तो वे सोनिया से मिलकर उन्हें पूरी बात बता कर गईं थीं कि कैसे नरसिम्हा राव सीताराम केसरी बंगाल के नेताओं से मिलकर उन्हें परेशान कर रहे हैं। ममता राजीव गांधी को हमेशा मानती रहीं। लेकिन उस समय और कांग्रेसी नेताओं ने नरसिम्हा राव और सीताराम केसरी को खुश करने के लिए सोनिया के खिलाफ खूब षडयंत्र किए। बहुत अभद्र भाषा का भी उपयोग किया। लेकिन यहां यही बताने के लिए लिखा है कि इन सबसे सोनिया छोटी नहीं हुईं। उनके मन में बदला लेने किसी को नुकसान पहुंचाने की भावना नहीं आई। खुद उनके खिलाफ जो जितेन्द्र प्रसाद अध्यक्ष का चुनाव लड़े उनके न रहने के बाद उनकी पत्नी कान्ता प्रसाद को टिकट दिया। बेटे जितिन प्रसाद को भी मंत्री भी बनाया। वही जितिन भाजपा में जाकर वरुण की सीट पीलीभीत से चुनाव लड़े और जीते। राजनीति में यह आंख फेर लेने का सबसे बड़ा उदाहरण है। राजीव और संजय दोनों के बेटों को धोखा देने का। खैर तो बात सोनिया की कर रहे थे। और इसलिए कि एक पूरी तरह अलग बैक ग्राउन्ड से आकर सोनिया जिस तरह भारतीय परिवेश में रच बस गईं और यहां के मुहावरे तक सीख लिए वह बहुत बड़ी बात है। नहीं तो यहां तो उत्तर भारत में ही एक बोली के मुहावरे दूसरी बोली वाले नहीं समझते। एक दूसरे की भाषा बोली का रोज मजाक उड़ाते हैं। सोनिया ने हिन्दी सीखी। भारतीय परम्पराएं। आप कभी महिलाओं से बात करो तो वे सोनिया के साड़ी बांधने का जिक्र जरूर करती हैं। कहतीं हैं कि जिस ने शुरू से साड़ी नहीं देखी, पहनी हो उसका ऐसी अच्छी साड़ी बांधना बहुत बड़ी बात है। सोनिया ने जीवन में जितने उतार–चढ़ाव देखे वैसा कम लोगों के साथ होता है। मगर उन्होंने कभी अपनी गरिमा नहीं खोई। विपक्ष में रहीं तब भी और सरकार में रहीं तब भी। दोनों स्थितियों में उन्हें बहुत विरोध का सामना करना पड़ा। जब राजनीति में आईं तो कांग्रेसियों ने किया। और फिर भाजपा ने। विदेशी मूल का सवाल उठाकर उन्हें डराना चाहा। मगर सोनिया को अपने भारतीय बहू होने का इतना गर्व था कि वे पीछे नहीं हटीं। उनके आत्मविश्वास की वजह से ही आज वह आरोप जिसे भाजपा सबसे बड़ा हथियार समझती थी खतम हो गया। अब सोनिया के खिलाफ उनके पास कुछ नहीं है। यह सोनिया की बहुत बड़ी जीत है। सोनिया दरअसल भारतीय महिला की उसी जिजीविषा का प्रतीक हैं जो हर विपरीत परिस्थिति में लड़ती रहती है। अपने अलग–अलग दायरों में। परिवार में, नौकरी में, सार्वजनिक जीवन में। और कभी हार नहीं मानती। हर हाल में अपने बच्चों को पाल पोस कर बढ़ा करती है। यह देखने की बात है कि कैसे एक विदेशी परिवेश की लड़की ने दूसरे देश की सारी सभ्यता संस्कृति सीखी। भाजपा के लोग भी आज अपनी व्यक्तिगत बातचीत में सोनिया के संस्कारों की तारीफ करते हैं। चाहे एक पत्नी के रूप में, चाहे बहू के रूप में चाहे मां के रूप में। और राजनीति में एक ऐसी नेता के तौर पर जिसने प्रधानमंत्री पद ठुकरा दिया हो। लेकिन जनता से किए अपने सब वादे सरकार से पूरे करवाए हों। किसान कर्ज माफी, मनरेगा, खाद्य सुरक्षा, शिक्षा का अधिकार, महिला बिल, आरटीआई सब लेकर आईं। उनकी लाई सरकार थी। मगर कांग्रेसी इनमें से एक भी कानून पर राजी नहीं थे। सोनिया को पग पग पर संघर्ष करना पड़ा। वह तो 2011 में वे इन कांग्रेसियों और केन्द्र एवं दिल्ली सरकार के भरोसे रह गईं कि वे अन्ना हजारे को समझा लेंगे। नहीं तो अगर वे खुद अपने हाथ में मामला रखती तो 2013 में न दिल्ली सरकार जाती और न 2014 में केन्द्र सरकार। लेकिन सरकारें चली गईं। सोनिया का इकबाल नहीं गया। वह आज भी कायम है। और इसलिए जब वे कहती हैं कि मैं भी शेरनी हूं तो सबको लगता है कि बिल्कुल सही बात है।

(लेखक वरिष्ठ पत्रकार है)

# प्रधानमंत्री मोदी के तीसरे कार्यकाल में भी जारी रहेगा बेरोजगारी संकट

**डॉ. ज्ञान पाठक**

2014 के बाद से जारी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के पहले दो कार्यकालों में अभूतपूर्व बेरोजगारी संकट उनके तीसरे कार्यकाल में भी जारी रहने की संभावना है, जब तक कि वर्तमान रोजगारहीन विकास मॉडल में बदलाव नहीं किया जाता। लगभग एक अरब कामकाजी आयु वर्ग की आबादी में से, पिछले कुछ वर्षों से रोजगार में लगे लोगों की संख्या लगभग 40 करोड़ के आसपास रही है, जो चिंता का विषय है। इस भयावह जमीनी हकीकत के बावजूद, प्रधानमंत्री मोदी और उनकी सरकार के अधिकारी दावा करते रहे कि बेरोजगारी दर में गिरावट आ रही है। यहां तक कि सरकार के आवधिक श्रम बल सर्वेक्षण (पीएलएफएस) के आंकड़ों से पता चला है कि 2022–23 के दौरान बेरोजगारी दर गिरकर 3.1प्रतिशत हो गयी है। हालांकि, गैर–सरकारी सीएमआईई के ताजा रियल टाइम आंकड़ों से पता चलता है कि बेरोजगारी 7–8प्रतिशत के आसपास मंडराती रही है। लोकसभा चुनाव 2024 के प्रचार के दौरान, जब बेरोजगारी मतदाताओं के बीच एक प्रमुख मुद्दा बन गयी, तो केंद्रीय श्रम और रोजगार मंत्रालय की सचिव सुमिता डावरा ने एक बयान दिया कि 2022–2023 में 30 मिलियन नौकरियां पैदा की गयीं और पिछले पांच वर्षों में 110 मिलियन से अधिक नौकरियां जोड़ी गयीं। इसका मतलब यह था कि मोदी सरकार ने देश के बेरोजगारी संकट को पहले ही हल कर दिया था, क्योंकि हर साल लगभग 20 मिलियन लोग ही भारतीय श्रम बाजार में प्रवेश करते हैं। इसका यह भी मतलब था कि मोदी सरकार ने एक साल में 30 मिलियन नौकरियां पैदा करके जरूरत से ज्यादा काम किया। डावरा ने यह बयान भारतीय रिजर्व बैंक के केएलईएमएस डेटाबेस के 2022–23 के अंतिम आंकड़ों का हवाला देते हुए दिया था, जो पूंजी, श्रम, ऊर्जा, सामग्री और सेवा क्षेत्रों में रोजगार सृजन और उत्पादकता के स्तर को ट्रैक करता है। यह ध्यान दिया जाना चाहिए कि डावरा के दावे का समर्थन केंद्रीय श्रम और रोजगार मंत्रालय के वार्षिक पीएलएफएस डेटा से भी नहीं होता है। यहां यह याद रखना जरूरी है कि नरेंद्र मोदी ने 2014 में अपने चुनाव प्रचार के दौरान हर साल 20 मिलियन नौकरियां देने का वायदा किया था, जो कभी पूरा नहीं हुआ, यहां तक कि हर साल जारी होने वाले सरकारी आंकड़ों के अनुसार भी नहीं। लेकिन अचानक मोदी सरकार के श्रम सचिव ने पिछले महीने मई में कहा कि पिछले साल 30 मिलियन नौकरियां पैदा हुईं। मार्च में ही मुख्य आर्थिक सलाहकार वी. अनंत नागेश्वरन ने कहा था कि यह मान लेना गलत है कि सरकार बेरोजगारी जैसी सभी सामाजिक और आर्थिक समस्याओं को हल कर सकती है। उन्होंने यह बयान नई दिल्ली में अंतरराष्ट्रीय श्रम संगठन (आईएलओ) और मानव विकास संस्थान (आईएचडी) के संयुक्त प्रकाशन 'भारत रोजगार रिपोर्ट 2024: युवा रोजगार, शिक्षा और कौशल' के लॉन्च के दौरान दिया था। सीईए नागेश्वरन ने आश्चर्य जताया था कि सरकार 'खुद को और अधिक नियुक्त करने के अलावा रोजगार के मामले में क्या कर सकती है', उन्होंने कहा कि 'सामान्य दुनिया में, यह वाणिज्यिक क्षेत्र है जिसे नियुक्तियां करने की जरूरत है।' रोजगार सृजन पर मोदी सरकार का दृष्टिकोण काफी चौंकाने वाला था। यह स्पष्ट रूप से दर्शाता है कि अभूतपूर्व बेरोजगारी संकट को हल करना मोदी सरकार की प्राथमिकता नहीं थी। पूर्व केंद्रीय वित्त मंत्री पी चिदंबरम ने सीईए के इस बयान की आलोचना की थी कि सरकार बेरोजगारी की समस्या का समाधान नहीं कर सकतीश। अगर यह भाजपा सरकार का आधिकारिक रुख है तो यह चौंकाने वाला है, हमें भाजपा से साहसपूर्वक कहना चाहिए कि अपनी कुर्सी छोड़ो। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने कहा था, शहमारे युवा मोदी सरकार की दयनीय उदासीनता का खामियाजा भुगत रहे हैं, क्योंकि लगातार बढ़ती बेरोजगारी ने उनके भविष्य को नष्ट कर दिया है। आईएलओ और आईएचडी की रिपोर्ट में स्पष्ट रूप से कहा गया है कि शभारत में बेरोजगारी की समस्या गंभीर है। वे रूढ़िवादी हैं, हम बेरोजगारी के बम पर बैठे हैं! उन्होंने यह भी कहा था कि 2012 से मोदी सरकार के तहत युवा बेरोजगारी तीन गुना बढ़ गयी है। भारत के पास राष्ट्रीय रोजगार नीति भी नहीं है, हालांकि श्रम और रोजगार के मुद्दों पर देश में शीर्ष त्रिपक्षीय निकाय भारत श्रम सम्मेलन (आईएलसी) ने 2013 में अपने 45वें सत्र में इसकी सिफारिश की थी। आईएलसी ने 2015 में आयोजित अपने 46वें सत्र में भी इसे दोहराया, उसके बाद मोदी सरकार ने कभी इसका अगला सत्र नहीं बुलाया। मोदी सरकार ने अभी तक देश के लिए राष्ट्रीय रोजगार नीति लाने की कोई योजना नहीं बनायी है। 2017–18 तक भारत की बेरोजगारी दर 6.1प्रतिशत हो गयी थी, जो 45 साल में सबसे अधिक थी। अब भारत रोजगार रिपोर्ट 2024 ने नौकरी के मोर्चे पर एक गंभीर तस्वीर पेश की है, खास तौर पर भारतीय युवाओं के लिए। इस प्रकाशन से देश को पता चलता है कि लाखों युवाओं को कभी नौकरी नहीं मिल पायी, उनमें से कई की मोदी शासन के पिछले 10 वर्षों के दौरान नौकरी की योग्यता की उम्र ही निकल गयी, और जो किसी तरह नौकरी पाने में कामयाब रहे उनमें से 90प्रतिशत अनौपचारिक रूप से कार्यरत हैं, जिनमें से 82प्रतिशत अनौपचारिक क्षेत्र में कार्यरत हैं। 2022 में 55.8प्रतिशत लोगों के लिए स्वरोजगार ही रोजगार का प्राथमिक स्रोत बना रहा, जबकि आकस्मिक रोजगार में केवल 22.7प्रतिशत और नियमित रोजगार में केवल 21.5प्रतिशतलोग ही थे। चुनाव प्रचार के दौरान, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने नई दिल्ली में स्टार्टअप महाकुंभ में कहा था कि भारत के युवाओं ने नौकरी चाहने वालों की तुलना में नौकरी देने वाले बनने का विकल्प चुना है। यह बेरोजगारों लोगों के लिए एक अपमानजनक बयान था, भले इस तरह के भौंडे संवेदनहीन डींगें भाजपा या मोदी समर्थकों को प्रिय लगे हों। मोदी की तीसरी सरकार में भाजपा के गठबंधन सहयोगियों को पूर्व मुख्य आर्थिक सलाहकार डॉ. कौशिक बसु द्वारा हाल ही में कही गयी बातों पर ध्यान देना चाहिए। उन्होंने बताया कि भारत की युवा बेरोजगारी दर 45.4प्रतिशत के साथ दुनिया में सबसे अधिक है। उन्होंने सरकार से इस गंभीर मुद्दे से निपटने के लिए सुधारात्मक उपाय करने का आग्रह किया है। प्रभावी आर्थिक विकास के बावजूद, देश के शहरी और ग्रामीण दोनों क्षेत्रों में बेरोजगारी का संकट भयावह बना हुआ है, जो मोदी सरकार द्वारा 2014 से अपनाये जा रहे रोजगार रहित विकास मॉडल का प्रमाण है। लोकसभा के नतीजों ने पीएम मोदी को लोकसभा में बहुमत से वंचित कर दिया, जो उनके लिए और सरकार में एनडीए सहयोगियों के लिए भी एक सबक है। बेरोजगारी सरकार के लिए एक प्रमुख समस्या बनी रहने की संभावना है।

# जब ईशा देओल ने अमृता राव को खींच कर मार दिया था थप्पड़, सोहेल खान और सिकंदर खेर के बीच भी चले थे लात-घूंसे

> ईशा देओल ने अमृता राव को थप्पड़ मारा, सोहेल खान और सिकंदर खेर ने एक दूसरे को मुक्का मारा- सोहेल खान और सिकंदर खेर के बीच एक बार बहुत बड़ी लड़ाई हुई थी और अश्मित पटेल ने उनके बीच की स्थिति को सुधारने की कोशिश की थी



ईशा देओल ने अमृता राव को थप्पड़ मारा, सोहेल खान और सिकंदर खेर ने एक दूसरे को मुक्का मारा– सोहेल खान और सिकंदर खेर के बीच एक बार बहुत बड़ी लड़ाई हुई थी और अश्मित पटेल ने उनके बीच की स्थिति को सुधारने की कोशिश की थी, बॉलीवुड में हुए सबसे घिनौने झगड़े पर एक नज़र डालें।

सोहेल खान और सिकंदर खेर

हाल ही में अश्मित पटेल ने चौंकाने वाला दावा किया कि सोहेल खान और सिकंदर खेर के बीच लड़ाई हुई थी जिसमें उन्होंने एक दूसरे को मुक्का मारा था। सोहेल खान और सिकंदर खेर के बीच लड़ाई हुई थी और मैं उस लड़ाई में शामिल भी नहीं था। मैं उन्हें छुड़ाने की कोशिश कर रहा था।

सलमान खान और शाहरुख खान

शाहरुख खान और सलमान खान आज भाई जैसे हैं लेकिन एक समय खान युद्ध ने सुर्खियाँ बटोरी थीं। खानों ने अपनी कुख्यात लड़ाई में एक दूसरे के साथ हाथापाई भी की थी।

ईशा देओल और अमृता राव

ईशा देओल ने कथित तौर पर अपनी फिल्म प्यारे मोहन के सेट पर अमृता अरोड़ा को उनके परिवार के बारे में एक भद्दी टिप्पणी करने के लिए थप्पड़ मारा था। आज तक, ईशा और अमृता के बीच बातचीत नहीं हुई है।

विवेक ओबेरॉय और सलमान खान

विवेक ओबेरॉय ने 2000 के दशक की शुरुआत में एक प्रेस कॉन्फ्रेंस की, जहाँ उन्होंने ऐश्वर्या राय के साथ रिश्ते में होने के कारण सलमान खान से अपमानजनक और धमकी भरे कॉल आने का दावा किया। हाल ही में विवेक के पिता सुरेश ओबेरॉय ने सलमान खान के खिलाफ़ मज़बूत बने रहने के लिए उनकी सराहना की।

कंगना रनौत और दिलजीत दोसांझ

कंगना रनौत और दिलजीत दोसांझ ने किसानों के विरोध प्रदर्शन को लेकर अपनी लड़ाई को लेकर सबका ध्यान खींचा। हाल ही में नए सांसद को इसी कारण ब्प्ै अधिकारी ने थप्पड़ मारा था।

फ़राह खान और शाहरुख़ खान

फ़राह खान और शाहरुख़ ने एक–दूसरे से बात करना बंद कर दिया था, जब कथित तौर पर जवान अभिनेता ने एक पार्टी में अपने पति शिरीष कुंदर को थप्पड़ मारा था।

करण जौहर और अजय देवगन

शिवाय और ऐ दिल है मुश्किल के साथ टकराव के दौरान, करण जौहर और अजय देवगन के बीच बहुत बड़ा झगड़ा हुआ। केआरके ने दावा किया था कि अजय की फिल्म की आलोचना करने के लिए केजेओ ने उन्हें 25 लाख रुपये दिए थे।



## सोनाक्षी सिन्हा अपने बॉयफ्रेंड जहीर इकबाल से जल्द करेंगी शादी

मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक बॉलीवुड अभिनेत्री सोनाक्षी सिन्हा अपने बॉयफ्रेंड जहीर इकबाल से 23 जून को मुंबई में शादी करने वाली हैं। दोनों काफी समय से साथ में रह रहे हैं, लेकिन अपने रिश्ते को निजी रखा है। रिपोर्ट्स बताती हैं कि सोनाक्षी और जहीर साउथ मुंबई में शादी के बंधन में बंधेंगे। हालांकि, इस जोड़े ने अभी तक अपनी शादी से जुड़ी किसी भी रिपोर्ट की पुष्टि नहीं की है। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, शादी के निमंत्रण को एक मैगजीन कवर की तरह डिजाइन किया गया है, जिस पर लिखा है "अफवाह सच है।" रिपोर्ट्स में यह भी दावा किया गया है कि हीरामंडी की स्टार कास्ट समेत परिवार और करीबी दोस्तों को ही समारोह में आमंत्रित किया गया है। सोनाक्षी और जहीर दोनों ने सलमान खान की फिल्मों से बॉलीवुड में डेब्यू किया था। सोनाक्षी ने 2010 में दबंग से डेब्यू किया था, जबकि जहीर की पहली फिल्म 2019 में नोटबुक थी। सोनाक्षी और जहीर दोनों ने 2022 में कॉमेडी–ड्रामा फिल्म डबल एक्सएलमें भी साथ काम किया। पिछले हफ्ते जहीर ने सोनाक्षी को जन्मदिन की बधाई देते हुए कुछ अनदेखी तस्वीरें शेयर की थी। तस्वीरों में वे दोनों एक दूसरे के साथ काफी खुश नजर आ रहे हैं। तस्वीर किस जगह की थी, ये पता नहीं चल पाया है, लेकिन माना जा रहा है कि दोनों छुट्टियां बिता रहे थे। उन्होंने तस्वीरों के साथ लिखा, जन्मदिन मुबारक सोनाक्षी।

# कार्तिक आर्यन ने एयरपोर्ट पर अपने ट्रेंडी और स्टाइलिश लुक से सबका ध्यान खींचा




कार्तिक आर्यन ने बॉलीवुड में अपने लिए जगह बनाई है और एक ऐसे अभिनेता के रूप में उभरे हैं, जिनकी शानदार पर्सनालिटी और कातिलाना मुस्कान लाखों लोगों को अपना दीवाना बना देती है। भूल भुलैया के अभिनेता जो अपनी आगामी फिल्म चंदू चौंपियन के लिए पूरी तरह से तैयार हैं, अपने स्वैग और कूल लुक से नेटिज़न्स को दीवाना बना रहे हैं। एयरपोर्ट पर उनका वीडियो अब सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। क्लिप में, वह नीली जींस के साथ सफेद और नीले रंग की धारीदार शर्ट पहने हुए दिखाई दे रहे हैं। प्रशंसक उनके वीडियो को देखकर बहुत खुश हुए और उन्होंने कमेंट सेक्शन में ढेर सारा प्यार बरसाया। एक यूजर ने लिखा, "शानदार कार्तिक"। दूसरे यूजर ने लिखा, ष्हैंडसमष्। कई अन्य यूजर्स ने प्यारे दिल और आग वाले इमोजी के साथ कमेंट किया। एक नए रिकॉर्ड में, निर्माताओं ने दुबई में प्रतिष्ठित बुर्ज खलीफा पर एडवांस बुकिंग विंडो खोली। यह कदम एक रिकॉर्ड बनाता है, यह पहली बार है जब किसी फिल्म ने बुर्ज खलीफा पर अपनी एडवांस बुकिंग खोली है। आमतौर पर बुर्ज खलीफा पर फिल्मों के ट्रेलर या गाने लॉन्च किए जाते हैं, लेकिन पहली बार इस वास्तुशिल्प चमत्कार पर एडवांस बुकिंग की घोषणा की गई है। कार्तिक आर्यन की चंदू चौंपियन मुरलीकांत पेटकर नामक एक खिलाड़ी की कहानी पर आधारित है। कबीर खान द्वारा निर्देशित, यह पहली बार है जब कार्तिक आर्यन फिल्म निर्माता के साथ सहयोग कर रहे हैं। फिल्म का निर्माण साजिद नाडियाडवाला के बैनर नाडियाडवाला ग्रैंडसन एंटरटेनमेंट द्वारा संयुक्त रूप से किया जा रहा है। यह फिल्म 14 जून को सिनेमाघरों में रिलीज होने वाली है। चंदू चौंपियन के अलावा, कार्तिक अगली बार अनीस बज्मी की हॉरर कॉमेडी फिल्म भूल भुलैया 3 में नजर आएंगे। यह फिल्म इस साल दिवाली के मौके पर सिनेमाघरों में रिलीज होगी। इस फिल्म में कार्तिक के साथ त्रिप्ती डिमरी, विद्या बालन और माधुरी दीक्षित जैसे समीक्षकों द्वारा प्रशंसित कलाकार महत्वपूर्ण भूमिका निभाते नजर आएंगे। इसके अलावा, कार्तिक आर्यन और विशाल भारद्वाज पहली बार एक साथ काम करने के लिए बातचीत कर रहे हैं। रिपोर्ट्स के अनुसार फिल्म का नाम श्अर्जुन उस्तारा्श रखा गया है और इसकी शूटिंग बड़े पैमाने पर ग्रीस में की जाएगी।

## परेश रावल, वरुण धवन समेत हजारों लोगों ने पीएम मोदी को तीसरे कार्यकाल के लिए दी बधाई

बॉलीवुड एक्टर वरुण धवन और परेश रावल ने रविवार को नरेंद्र मोदी को लगातार तीसरी बार प्रधानमंत्री पद की शपथ लेने पर शुभकामनाएं दीं। बॉलीवुड एक्टर परेश रावल ने अपने एक्स अकाउंट पर लिखा, ष्भारत की जनता हमारे



नेता नरेंद्र मोदी को तीसरी बार प्रधानमंत्री बनने के इस ऐतिहासिक मौके पर हार्दिक शुभकामनाएं देती है। एक बात याद रखें कि जनता आपसे बहुत प्यार करती है, तो वो सिर्फ तीन तक नहीं गिनेगी आगे भी गिनती रहेगी। जय हो। जयकार हो। इस बीच, बॉलीवुड स्टार वरुण धवन ने भी पीएम मोदी को बधाई दी। वरुण धवन ने एक्स अकाउंट पर लिखा, नरेंद्र मोदी को ऐतिहासिक तीसरे कार्यकाल और शपथ ग्रहण समारोह के लिए बधाई। आप हमारे देश को नई ऊंचाइयों पर ले जाएं। हरि ओम। वरुण धवन और उनकी पत्नी नताशा ने 3 जून को एक बच्ची का स्वागत किया। दोनों ने जनवरी 2021 में शादी की थी।



# टॉप आउटफिट में आलिया भट्ट ने दिखाई अपनी खूबसूरती

अपकमिंग फिल्म जिगरा में नजर आने वाली एक्ट्रेस आलिया भट्ट अपने स्टाइलिश लुक में दिखीं। रविवार को एक्ट्रेस ने इंस्टाग्राम पर नए आउटफिट के साथ कई तस्वीरें शेयर की। तस्वीरों में वह गुलाबी रंग की फ्लोरल डिजाइन वाली बेज रंग की बिकिनी टॉप पहने नजर आ रही हैं। उन्होंने इसे एम्ब्रेलिश्ड बॉर्डर वाली मैचिंग जैकेट और सॉलिड बेज पैंट के साथ पेयर किया। आलिया ने इसके साथ मिनिमल एक्सेसरीज पहनीं और अपने बाल खुले छोड़े। एक्ट्रेस ने पोस्ट को कैप्शन दिया, अभी कुछ समय पहले की बात है।" आलिया के पास वाईआरएफ स्पाई यूनिवर्स की एक अनटाइटल्ड फिल्म भी है, जिसमें वह शरवरी के साथ स्क्रीन शेयर करेंगी। जिगरा में सात एक्शन सीक्वेंस होंगे और इसका निर्देशन शिव रवैल कर रहे हैं। जिन्होंने भोपाल गैस त्रासदी के दौरान रेलवे अधिकारियों के योगदान पर आधारित मिनी सीरीज द रेलवे मेन से निर्देशन में कदम रखा था। कंगना रनौत को चंडीगढ़ एयरपोर्ट पर सीआईएसएफ की कॉन्स्टेबल कुलविंदर कौर द्वारा थप्पड़ मारने के मामले में आलिया ने कंगना का खुलकर समर्थन किया है। 14 अप्रैल 2022 को रणबीर और आलिया ने शादी की थी। कपल की एक बेटी राहा है।

# महाकाल के दर्शन करने उज्जैन पहुंचे एक्टर विंदू दारा सिंह

बॉलीवुड एक्टर विंदू दारा सिंह रविवार को श्री महाकालेश्वर भगवान के दर्शन करने के लिए महाकाल नगरी उज्जैन पहुंचे। महाकाल के दर्शन करने आए एक्टर विंदू दारा सिंह ने कहा, आज मुझे श्री महाकालेश्वर भगवान के दर्शन करने का अवसर मिला। मैं शो श्जय श्रीरामश में हनुमान का किरदार निभा रहा हूं। मैं इसमें भगवान शिव के 11वें अवतार की सेवा करता हूं। आज मुझे इस महान मंदिर में दर्शन करने का मौका मिला, मुझे बाबा ने यह मौका दिया। यह मेरे लिए बहुत ही बेहतरीन अनुभव है। मंदिर को लेकर स्टार ने कहा, यहां लोग बहुत ही श्रद्धा भाव के साथ आते हैं। यहां की व्यवस्थाएं बहुत बेहतर हैं। मैं चाहता हूं कि आप सभी को यहां आने का मौका मिले। एक्टर ने शिवभक्तों से कहा कि अगर आप इंदौर आते हैं तो महाकाल के दर्शन जरूर करें। उन्होंने कहा कि मुझे इस उम्र में आकर पहली बार यहां आने का मौका मिला। यहां बेहद ही अद्भुत एनर्जी है। मैंने यहां आकर एक्ट्रेस रवीना टंडन से भी बात की, उन्होंने मुझसे कहा कि मैं यहां की एनर्जी को महसूस करूं। मुझे यहां आकर बेहद आनंद का अनुभव हुआ है। बाबा का आशीर्वाद हम सब पर ऐसे ही बना रहे। उन्होंने आगे कहा, मेरे पिताजी दारा सिंह ने तो कई बार भगवान शिव और हनुमान जी की भूमिका निभाई है। अब हमें भी यह मौका मिल रहा है।





## चाय पीने की आदत छोड़ने से होता है इन बीमारियों का खतरा कम!

बहुत से लोग सुबह की शुरुआत एक कप चाय के साथ करते हैं। कई लोगों को तो चाय इतनी पसंद होती है कि वह पहले सुबह चाय पीते हैं उसके बाद वह फिर नाश्ते के साथ और इसके बाद ऑफिस में चाय ऐसे लोगों के लिए और कुछ जरुरी हो ना हो लेकिन चाय बहुत ही जरुरी होती है। इसकी लत ऐसी है कि जब व्यक्ति को एक बार लग जाए तो फिर छोड़ना मुश्किल हो जाता है। लेकिन आपको जानकारी के लिए बता दें कि इसकी लत बेहद हानिकारक होती है। अगर आप चाय पीना छोड़ देते हैं तो इससे आपको कई तरह की बीमारियों से राहत मिल सकती है। तो चलिए जानते हैं इनके बारे में...

आएगी अच्छी नींद

चाय पीना अगर आप छोड़ देते हैं तो आपको नींद अच्छी आने लगेगी। अगर आपको अनिद्रा की समस्या रहती है तो चाय छोड़ दें। इसमें पाया जाने वाला कैफीन अनिद्रा जैसी परेशानी खड़ी कर सकता है।

वजन होगा कम

चाय में चीनी भी डाली जाती है। चीनी में कैलोरी की मात्रा काफी मौजूद होती है जो आपके शरीर को नुकसान पहुंचा सकती है। ऐसे में अगर आप चाय पीते हैं तो आपका वजन बढ़ सकता है। अगर आप वजन कम करना चाहते हैं तो चाय पीना छोड़ दें आपको खुद ही अपने वजन में फर्क दिखने लगेगा।

ब्लड प्रेशर रहेगा कंट्रोल

इसमें कैफीन भी काफी ज्यादा मात्रा में मौजूद होता है। ज्यादा कैफीन का सेवन करने से ब्लड प्रेशर की समस्या बढ़ती है। वहीं अगर आप ब्लड प्रेशर कंट्रोल में करना चाहते हैं तो चाय पीना छोड़ दें।

दांत रहेंगे सफेद

चाय आपके दांतों का रंग भी प्रभावित करती है ऐसे में अगर आप 1 महीना इसका सेवन नहीं करते हैं तो आपके दांतों सफेद रहेंगे और इन पर पीलापन भी नहीं आएगा।



## किचन की इस चीज के इस्तेमाल से घने और लंबे होंगे बाल, जानिए इस्तेमाल का तरीका

घर की बहुत सारी चीजों को घरेलू नुस्खे के तौर पर इस्तेमाल किया जा सकता है। रसोई में काला मसाला होता है, जो बालों के लिए बहुत अच्छा माना जाता है। कलौंजी हर किचन में मिलती है और इसको अलग–अलग तरीके से इस्तेमाल किया जा सकता है। लेकिन क्या आप जानते हैं कि कलौंजी बालों को बढ़ाने में मददगार होता है। कलौंजी हेयर डैमज को कम करने, बालों के प्रोटीन स्ट्रक्चर को मजबूत और हेयर फॉलिकल्स को बेहतर करने में कारगर है। आज इस आर्टिकल के जरिए हम आपको बताने जा रहे हैं कि किस तरह से कलौंजी वाले पानी से बालों को किस तरह से धोया जा सकता है।

कलौंजी का पानी

कलौंजी का पानी सिर को धोने के लिए बेहद अच्छा ऑप्शन होता है। इस पानी को तैयार करने के लिए एक बर्तन में पानी लें और इसको उबालें। इस कलौंजी के बीजों को डालकर 15–20 मिनट तक उबालें। अब इस पानी को ठंडा करें और अब इस पानी को अपने स्कैल्प से लेकर बालों की जड़ों में अप्लाई करें। सप्ताह में 2–3 बार इस पानी को हेयर वॉश करने से बालों पर अच्छा असर देखने को मिलेगा और इससे बाल भी लंबे होंगे।

नारियल तेल

नारियल के तेल के साथ कलौंजी के बीजों को बालों पर अप्लाई किया जा सकता है। दो चम्मच कलौंजी का तेल और दो चम्मच नारियल तेल मिलाकर रखें। इन तेलों को मिक्स कर हल्का गर्म करें और रुई को डुबोकर इसको सिर की जड़ों में लगाएं। फिर इस तेल को बालों में 10–15 मिनट तक अप्लाई करने के बाद सिर को धो लें। यह तेल हेयर फॉल को रोकने में अच्छा असर दिखाता है।

मेथी दाने

एक चम्मच कलौंजी के दाने, एक चम्मच मेथी के दाने और 250 मिलीलीटर नारियल के तेल के साथ मिलाएं। फिर इसको आंच पर पका लें। इस तैयार तेल को बालों पर लगाने से बाल झड़ना कम होता है। इस तेल को बनाने का एक दूसरा भी तरीका है। इसके लिए मेथी और कलौंजी के दानों को एकसाथ पीसकर पाउडर बनाएं। फिर इस पाउडर को नारियल के तेल के साथ मिलाकर पकाने पर जो मिश्रण तैयार हो, उसे बालों पर लगाया जा सकता है।

# पार्टी या फंक्शन के लिए प्री-ड्रेप साड़ी को ऐसे करें कैरी, हर कोई करेगा आपकी तारीफ



फैशन इंडस्ट्री हर रोज कोई न कोई नया फैशन ट्रेंड करता है। फैशन डिजाइनर्स आजकल सबसे ज्यादा साड़ी के साथ प्रयोग कर रहे हैं। पहले साड़ी 6 मीटर की आती थी, लेकिन अब साड़ी में कई तरह की वैरायटी देखने को मिल जाएंगी। इतनी वैरायटी देखकर साड़ी का चुनाव करना मुश्किल हो जाएगी। आज के समय में सबसे ज्यादा प्री–ड्रेप साड़ी का ट्रेंड देखने को मिल रहा है। ऐसे में आने वाले समय में अगर आपको किसी पार्टी या फंक्शन में जाना है, तो आप भी प्री–ड्रेप साड़ी कैरी कर सकती हैं। आपको मार्केट में इस तरह की साड़ी आसानी से मिल जाएगी। आपको इस तरह की साड़ी में कई वेरायटी देखने को मिलेंगी। अगर आपके वार्डरोब में साड़ी है, तो किसी हुनरमंद दर्जी से आप प्री–ड्रेप साड़ी स्टिच करवा सकती हैं। ऐसे में आज इस आर्टिकल के जरिए हम आपको सेलिब्रिटीज के कुछ प्री–ड्रेस साड़ी लुक्स दिखाने जा रहे हैं, जो आप किसी भी छोटे या बड़े अवसर पर पहन सकती हैं।

प्रियंका चोपड़ा का साड़ी लुक

बॉलीवुड एक्ट्रेस प्रियंका चोपड़ा ने प्री–ड्रेप साड़ी पहनी है। आजकल स्लिट कट प्री–ड्रेप साड़ी काफी चलन में है। यह आपको इंडो–वेस्टर्न लुक देती है। ऐसी साड़ी को आप किसी पुरानी साड़ी से भी स्टिच करा सकती हैं। आप इसके साथ कोई स्टाइलिश और ट्रेंडी ज्वेलरी पहन सकती हैं।

करीना कपूर का साड़ी लुक

बता दें कि इस समय प्री–ड्रेप साड़ी में अब 2 पीस साड़ी भी काफी ट्रेंड में है। वैसे तो साउथ इंडिया में 2 पीस साड़ी का प्रचलन है। फैशन परस्त महिलाओं में इसका क्रेज खूब देखा जा रहा है। वहीं इस तरह की साड़ी फैशन डिजाइनर्स भी बनाने लगे हैं। मार्केट में इस तरह की साड़ी काफी वैरायटी में मिल जाएंगी। इस तरह की साड़ी में स्टाइलिश सा ब्रालेट ब्लाउज या ट्यूब ब्लाउज कैरी कर सकती हैं।

माधुरी दीक्षित का साड़ी लुक

बॉलीवुड की धकधक गर्ल माधुरी दीक्षित प्री–ड्रेप रफल साड़ी में बेहद खूबसूरत लग रही हैं। यह फैशन नया नहीं है। हालांकि इसके साथ नए–नए प्रयोग किए जा रहे हैं। पार्टी या फंक्शन में आप बहुत आसानी से इस तरह की साड़ी को कैरी कर सकती हैं। इस साड़ी में आपको बहुत प्यारा लुक मिलेगा। वहीं डी–अटैच पल्ले वाली साड़ी भी काफी पसंद की जा रही हैं। एक्ट्रेस ने भी ऐसी साड़ी कैरी की है।

मलाइका अरोड़ा का साड़ी लुक

आज के समय में आपको साड़ी और ब्लाउज दोनों में कई तरह की वैरायटी, डिजाइन और पैटर्न देखने को मिलेगा। ऐसा ही एक रीरी ब्लाउज और एक्स साड़ी है। इस साड़ी और ब्लाउज को एक्ट्रेस मलाइका अरोड़ा ने बहुत अच्छे से कैरी किया है। यह साड़ी आजकल फैशन में है। इस साड़ी को साटन फैब्रिक से तैयार किया गया है और इसमें फ्रिंज पल्लू इसको यूनिक लुक दे रहा है। इस तरह ही साड़ी मार्केट में आपको अच्छे ब्रांड में मिलेगी। इसके साथ आप टर्टिल नेकलाइन या ब्रालेट ब्लाउज कैरी कर सकती हैं।

शिल्पा शेट्टी का साड़ी लुक

आजकल साड़ियों के अलग–अलग पैटर्न को अलग–अलग नामों से जाना जाता है। जैसे एक्ट्रेस शिल्पा शेट्टी ने काई साई को बेहद खूबसूरत तरीके से कैरी किया है। इसमें फ्रंट प्लेट्स ड्रेपिंग की जगह साइड प्लेट्स ड्रेपिंग है। साथ ही इस साड़ी को साइड स्लिट अंदाज दिया गया है और पल्लू को वेस्ट लाइन से जोड़ा गया है। आपको इस तरह की साड़ी मार्केट में आसानी से मिल जाएगी। इस तरह की साड़ी के साथ आप स्ट्रैप ब्लाउज या क्रॉप टॉप ब्लाउज कैरी कर सकती हैं।

# पेट में है इंफेक्शन तो इन चीजों खाना करें शुरू, दवा की नहीं पड़ेगी जरूरत



पाचन तंत्र का स्वस्थ होना बहुत जरुरी है। आज कल का खान–पान और लाइफस्टाइल से जुड़ी आदतों के कारण पाचन तंत्र को कई बार बहुत ही नुकसान होता है। असंतुलित खान–पान, गंदा पानी पीने या फिर बैक्टीरिया के संपर्क में आने के कारण पेट में इंफेक्शन हो सकती है। पेट में इंफेक्शन होने पर ज्यादातर लोग यह नहीं समझ पाते कि उन्हें क्या खाना चाहिए और क्या नहीं। ऐसे में आज आपको अपने इस आर्टिकल के जरिए बताते हैं कि पेट में इंफेक्शन होने पर क्या खाना चाहिए और किन चीजों से परहेज करना चाहिए...

क्या खाएं?

दही या छाछ

इन दोनों चीजों का सेवन पेट में इंफेक्शन होने पर फायदेमंद माना जाता है। इसमें पाए जाने वाले प्रोबायोटिक्स पाचन तंत्र के लिए बेहद लाभकारी माने जाते हैं। वहीं दही शरीर को हाइड्रेट रखने में मदद करता है।

सूप

यह भी पेट में इंफेक्शन होने पर बहुत ही लाभकारी माना जाता है। आप इसमें सौंफ, पुदीना और अदरक मिलाकर पी सकते हैं। इसमें प्राकृतिक एंटीऑक्सीडेंट्स और एंटीइंफ्लेमेटरी गुण पाए जाते हैं जो स्वास्थ्य के लिए बेहद लाभकारी होते हैं।

प्रोटीन डाइट

इस दौरान प्रोटीन डाइट का सेवन जरुर करें। परंतु ऐसी चीजें भूलकर भी न खाएं जिन्हें पचाने में ज्यादा समय लगता हो।

केला, अंगूर और संतरा

ऐसे फल और सब्जियां खाएं जो बिल्कुल ताजी हों और आसानी से पच जाएं। केला, अंगूर, संतरा आप पेट में इंफेक्शन होने पर खा सकते हैं।

नारियल पानी

इसका सेवन पेट में इंफेक्शन होने पर आप कर सकते हैं। नारियल पानी में पाए जाने वाले इलेक्ट्रोलाइट्स दस्त और उल्टी की समस्या से आपको बचाते हैं। शरीर को हाइड्रेट और स्वस्थ रखने के साथ–साथ पाचन तंत्र को तंदरुस्त रखने के लिए नारियल पानी बेहद लाभकारी होता है।

क्या न खाएं?

. एक्सपर्ट्स की मानें तो कैफीन युक्त खाद्य और पेय पदार्थों का सेवन भी न करें।

. कोल्डड्रिंक, चाय और कॉफी का सेवन भी स्वास्थ्य के लिए हानिकारक हो सकता है।

. पेट में इंफेक्शन खान–पान में असंतुलन, दूषित पानी पीने के कारण हो सकता है ऐसे में साफ–सफाई का ध्यान रखें।

# शरीर की हर नस को एक्टिव करता है लघु वज्रासन, रूटीन में ऐसे करें शामिल



आज के समय में हर कोई अपनी लाइफस्टाइल में काफी ज्यादा बिजी है। इसलिए खुद के लिए समय निकाल पाना काफी मुश्किल है। लेकिन बढ़ती बीमारियों और इंफेक्शन को देखते हुए यह जरुरी है कि अपने स्वास्थ्य का ख्याल रखा जाए। आप रोजाना लिटिल थंडरबोल्ट कर सकते हैं। इसको करने से न सिर्फ आप शारीरिक रूप से स्वस्थ रहेंगे, बल्कि यह आपकी सेहत पर भी सकारात्मक असर डाल सकता है। ऐसे में आज इस आर्टिकल के जरिए हम आपको लघु वज्रासन करने का सही तरीके और फायदों के बारे में बताने जा रहे हैं।

फायदे

यह आसन हैमस्ट्रिंग, क्वाड्रिसेप्स और एड़ियों को फैलाता है। शरीर के इन हिस्सों के लचीलेपन में सुधार करने में सहायता मिलती है। लघु वज्रासन रीढ़ की हड्डी के साथ ही मांसपेशियों को भी मजबूत करता है। इससे बेहतर पोश्चर मिलने के साथ ही रीढ़ की हड्डी भी स्वस्थ रहती है। यह आसन पाचन तंत्र सहित पेट के अन्य हिस्सों को उत्तेजित करने का काम करता है। जिससे पाचन में सुधार होने के साथ ही अपच और ब्लोटिंग जैसी समस्याओं से राहत मिलती है। इस आसन में पेट को हल्का दबाने से मल त्याग को बढ़ावा मिलता है। इससे कब्ज की समस्या से राहत मिलती है। लघु वज्रासन को रोजाना करने से तनाव और चिंता कम होने के साथ मन शांत होता है और मानसिक कल्याण को बढ़ावा मिलता है। यह पोश्चन पेट के आसपास ब्लड फ्लो को बढ़ाने में मदद करता। यह ब्लड सर्कुलेशन को सही करता है दिल के स्वास्थ्य को बेहतर रखता है। इस आसान को करने से महिलाओं को पीरियड्स के दौरान होने वाली समस्याएं भी कम होती हैं।

ऐसे करें लघु वज्रासन

इसको करने के लिए अपने घुटनों को एक साथ मिलाते हुए फर्श पर घुटने टेककर बैठें।

फिर रीढ़ की हड्डी को सीधा रखते हुए हिप्स को एड़ियों पर रखें।

इसके बाद हाथों को जांघों पर रखें और हथेलियों को नीचे रखें।

अब गहरी सांस लें और रीढ़ को ऊपर की ओर लंबा रखें।

फिर धीरे–धीरे सांस छोड़ें और धीरे–धीरे पीछे की तरफ झुकें। अब अपने हिप्स को पीछे रखकर खुद को सहारा दें।

शरीर को फर्श की ओर नीचे लाएं और फिर आगे की तरफ बढ़ते हुए अपनी कोहनियों को थोड़ा झुकाएं।

अब सीने को ऊपर की ओर उठाएं और पीठ के निचले हिस्से से एक आर्च बनाएं।

गहरी और समान रूप से सांस लेते हुए 15–30 सेकेंड तक इसी पोजिशन में बने रहें।

इसके बाद धीरे–धीरे सीधे बैठने की स्थिति में वापस आएं और घुटनों पर बैठ जाएं।

## राष्ट्रीय योग वीर सम्मान समारोह कल से

प्रयागराज। रामनगरी अयोध्या में आयोजित राष्ट्रीय योगवीर सम्मान समारोह 2024 जो अखिल भारतीय योग शिक्षक महासंघ एवं अखिल भारतीय योगासन स्पोर्ट्स फेडरेशन के द्वारा योग महाकुंभ 2024 का आयोजन अयोध्या में हो रहा है जिसमें प्रयागराज के योगाचार्य डॉ प्रशांत तिवारी को दूसरी बार राष्ट्रीय




योग वीर सम्मान से सम्मानित किया का रहा है। यह अवार्ड देश भर के योग शिक्षकों सामाजिक संस्थाओं को योग के क्षेत्र में सरकारी एवं गैर सरकारी क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य करने वालों को दिया जाता है। जिसमें महर्षि पतंजलि योग रत्न सम्मान, स्वामी शिवानंद सरस्वती योग शिरोमणि सम्मान, स्वामी धीरेंद्र ब्रह्मचारी योग श्री सम्मान, श्री अयंगर योग भूषण सम्मान, आदि योगी योग आइकॉन सम्मान, स्वामी विवेकानंद लाइफटाइम अचीवमेंट सम्मान, की विभिन्न श्रेणियो में प्रदान किए जाते हैं। अखिल भारतीय योग शिक्षक महासंघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री मंगेश द्विवेदी जी ने बताया कि यह कार्यक्रम रामायण से योग में सार्थकता के साथ अयोध्या के श्री राम ऑडिटोरियम में 13 व 14 जून को आयोजित होगा 13 जून को देश के विभिन्न हिस्सों से आए योगार्थियों द्वारा योगासन स्पोर्ट्स चौंपियनशिप और 14 जून को योग में सामाजिक कल्याण के लिए काम करने वाले योग में उच्च शिक्षा प्राप्त करने वाले योग शिक्षकों का विभिन्न श्रेणियो में सम्मान किया जाएगा इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में बाली इंडोनेशिया से आश्रम गांधी पूरी सेवाग्राम के अध्यक्ष पद्मश्री अगुस इंद्र उदयन जी , पूर्व मुख्यमंत्री श्री दिनेश शर्मा उत्तर प्रदेश, वेद मूर्ति श्री पवन दत्त महाराज जी के साथ अन्य गणमान्य लोक उपस्थित रहेंगे'।

## जारी बाजार बस स्टैंड पर रोडवेज विभाग द्वारा की जा रही है खुली भर्ती

प्रयागराज। रोडवेज विभाग में चालक की नियुक्ति के लिए



लाइन में खड़े बेरोजगार ड्राइवर। जारी बाजार बस स्टैंड पर आज रोडवेज विभाग के द्वारा की जा रही है खुली भर्ती।

## उम्र गुजरती गई

गुनगुनी धूप
ओंढ रेशमी दुशाला
अपेक्षाओं की मखमली घास!
कदम बढ़ते रहे
साथी के सहारे!
उसके बहकते कदमों से
अनजान नहीं थी
जानती थी
लेकिन पुष्पांजलि उसको ही
समर्पित थी!
उम्र गुजरती गई
वक्त ने करवट ली
वह बदल गया
अपेक्षाओं से वंचित
उपेक्षाओं के प्रहार
सह ना सका
दिल टूट गया!
मखमली घास
कंक्रीट बनी
जिंदगी कटीली
झाड़ियों में
उलझ गई
हम सिहर गए
हम बिखर गए!
विचलित मन
विक्षिप्त अवस्था
अंधकार में डूब गए!
दिवाले साकार हुई
करवध्य आलिंगन लिए रही
अश्रु गगरिया छलक पड़ी
मैं रोती रही वे पीती रही
पुचकार रहीं वह बूझ रहीं!
पहचानो तुम पुष्प अहो
पारिजात की गरिमा हो
उस परम पुंज की खुशबू हो!
तुम्हें स्वयं से अर्जित करना है
उस ब्रह्म के चरणों चढ़ता है!
उस परा शक्ति की दृष्टि पड़ी
कटीली झाडों पुष्प खिले
मानस महका
आवरण खिला
नव ऊर्जा का संचार हुआ
पिपासा जागी प्रभु चरणों की
पारिजात समर्पित करने की..
...

पुष्पा गुप्ता दोसर
लखनऊ

## प्रशिक्षित कृषि उद्यमी स्वालम्बन योजना का लाभ पाने के लिए 30 जून तक जमा करें आवेदन-विनोद कुमार

प्रतापगढ़। राज्य सरकार ने कृषि स्नातक बेरोजगारों को कृषि उद्यमी स्वावलंबन योजना के तहत आत्म निर्भर बनाने के लिए सुनहरा मौका प्रदान किया है। उप कृषि निदेशक विनोद कुमार यादव ने बताया कि कृषि स्नातकों को रोजगार के लिए मौका दिया गया है। जिसमें विभाग की तरफ से खाद, बीज तथा दवा का लाइसेन्स बनवाने हेतु सौ प्रतिशत अनुदान दिया जायेगा। इसके अलावां तेरह दिन का प्रशिक्षण कराकर उन्हें उद्यम करने हेतु प्रशिक्षित किया जायेगा। उन्होंने कहा कि योजना का लाभ पाने के लिए कृषि स्नातक अभ्यर्थी 30 जून तक कृषि विभाग में अपने सभी दस्तावेजो के साथ आवेदन जमा कर दें। श्री यादव ने बताया कि अभ्यर्थी की आयु 40 वर्ष से अधिक नहीं होनी चाहिये। अनुसूचित जाति,जनजाति और महिलाओं को आयु सीमा में पांच वर्ष की अधिकतम छूट दी जायेगी।

## बाजार जा रहे वृद्ध को बाइक सवार ने मारी टक्कर, मौत

प्रतापगढ़, बाबागंज। महेशगंज थाना क्षेत्र के रायअसकरनपुर स्थित जितेंद्र गैस एजेंसी के पास सोमवार को बाइक सवार की टक्कर से बुजुर्ग की मौत हो गयी। दोपहर बाद 64 वर्षीय अठैसा गांव निवासी भोला अली साइकिल से आजाद नगर बाजार जा रहे थे। इसी दौरान गैस एजेंसी के पास तेज गति से बाइक सवार के टक्कर से वृद्ध घसीटते हुए दूर चले गए। हादसे के बाद भोला अली को एंबुलेंस से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कुंडा ले जाया गया। जहां पर डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

# ग्रीष्म कालीन वॉलीबाल प्रशिक्षण शिविर का हुआ समापन

### 21 दिवसीय वश्वलीबाल प्रशिक्षण शिविर के दौरान बच्चों ने फोर आर्म पास,अपर हैंड व अंडर हैंड पास,अपर हैंड सर्विस व स्मैश आदि बारीकियां सीखी

प्रयागराज। डिस्ट्रिक्ट वॉलीबाल एसोसिएशन (डीवीए),प्रयागराज के तत्वावधान में स्थानीय मेजारोड स्थित क्षेत्रीय वॉलीबाल स्टेडियम सोरांव पातीं के वॉलीबाल कोर्ट पर फ्रेंड्स क्लब मेजा के सहयोग से आयोजित ष 21 दिवसीय ग्रीष्म कालीन वॉलीबाल प्रशिक्षण शिविर–2024 ष का समापन हुआ। समापन समारोह के मुख्य अतिथि अग्रवाल कॉलेज सिरसा के पूर्व प्रधानाचार्य विजय शंकर तिवारी ने खिलाड़ियों को प्रमाण–पत्र वितरित कर उनका उत्साहवर्धन किया। कोचिंग कैंप के सह–प्रशिक्षक गणेश प्रसाद शुक्ल ने मा.मुख्य अतिथि महोदय का खिलाड़ियों से परिचय करवाया। उक्त प्रशिक्षण शिविर में अंडर–16 व अंडर–14 आयु वर्ग के खिलाड़ियों ने सुबह–शाम




दो घंटे के सघन अभ्यास के दौरान फोर आर्म पास, अपर हैंड पास, अंडर हैंड पास, अपर हैंड सर्विस व स्मैश आदि के गुण व कला–कौशल सीखकर प्रदर्शन किये। समारोह की अध्यक्षता कर रहे जिला वॉलीबाल संघ के अध्यक्ष प्रभात राय ने धन्यवाद ज्ञापित किया। विशिष्ट अतिथि द्वय वाई.एन.सिंह व के. बी.एल.श्रीवास्तव ने नवोदित खिलाड़ियों भूरि–भूरि प्रसंशा की। शिविर के मुख्य प्रशिक्षक आई. बी.सिन्हा रहे। स्टेट रेफरी व वॉलीबाल कोच मुकेश शुक्ला ने आगंतुक अतिथियों का स्वागत किया। एसोसिएशन के अवैतनिक महासचिव आर.पी.शुक्ला ने उपस्थित समस्त आगंतुकों के प्रति आभार प्रकट किया। समापन समारोह के अवसर पर कई राष्ट्रीय स्तर के खिलाड़ियों व निर्णायकों में,जिसमें मुख्य रुप से फूलचंद गुप्ता, अल्ताफ अली, सुरेंद्र यादव, धनजंय राय, विनोद शुक्ला, अजय राय, कुशलकांत मिश्रा, आशीष शुक्ला, रामस्नेही शुक्ला, संतोष भास्कर, के. पी.सिंह, आशीष कन्नौजिया, मनोज राय, प्रभाकर चौबे, गुलजार सिंह यादव, शशि भूषण सिंह, गुलशन हाशमी, अनुपम राय, विवेक शुक्ला, अंकित विश्वकर्मा, मौसम कुशवाहा, आदिल अंसारी, चंचल प्रजापति, हिमांशु मिश्रा व आकाश सैनी आदि लोग उपस्थित रहें।।

# दुकान जी को अंतत महंत यमुना पुरी जी द्वारा शरण मिली

प्रयागराज । दारागंज स्थित श्री पंचायती महानिर्वाणी अखाड़ा के एक भाग में किराए के मकान में 1963 बसंत पंचमी को जन्म लेने वाले राजेंद्र कुमार तिवारी दुकान जी एक साधारण परिवार के रूप में माता–पिता भाइयों के साथ रहते हुए विश्व भर में एक अद्भुत विधा का आविष्कार कर उसे मूँछ नृत्य का नाम देकर न केवल प्रयागराज को अपितु समग्र भारत देश का नाम गिनीज बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड, लिम्का बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड, इंटरनेशनल जूनो अवार्ड, इंटरनेशनल आइकानअवार्ड आदि के द्वारा गौरवान्वित कियास उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री माननीय योगी आदित्यनाथ जी ने भी इन्हें गंगा सेवक सम्मान से समा दृत किया,क्योंकि दुकान जी संत महात्माओं की सन्निधि ा में रहते हुए गंगा स्वच्छता अभियान में रात दिन तत्पर रहकर अलग पहचान बनाई है।




दुकान जी अपने इसी किराए के मकान में एक कोलाज संग्रहालय स्थापित किया था,जिसमें दुनिया की अनेक दुर्लभ वस्तुओं का संग्रह था और जिसे देखने के लिए विदेश से भी अनेक पर्यटक समय–समय पर आते थे स सन 2017 में अखाड़े के सचिव महंत श्री यमुना पुरी जी ने सभी किराएदारों को बुलाकर बताया कि यह अखाड़ा भवन अत्यंत जीर्ण शीर्ण हो गया है जिसे तोड़कर नया निर्माण कराया जाएगा स यह समाचार जानकर दुकान जी के भाई अपने परिवार सहित भवन छोड़कर अन्यत्र चले गए तथा महा निर्वाणी अखाड़े के सचिव श्री यमुना पुरी जी महाराज ने अखाड़े के अंदर ही दुकान जी के लिए एक कमरे कीव्यवस्था कराई, किंतु दुकान जी इससे संतुष्ट नहीं थे और अपने संग्रहालय के नष्ट हो जाने के तनाव में जीवन बिताने लगेस कुछ दिन बाद श्री पंचायती महानिर्वाणी अखाड़ा के दयालु महंत व सचिव को जब यह आभास हुआ कि दुकान जी क्षुब्ध ा हैं तो दुकान जी को बुलाकर कहा दुकानजी मैने सुना है आपके पास संग्रहालय हेतु अनोखी दुर्लभ वस्तुए है जो ईस कमरे मे नही आ सकती अतरू मै आपको अखाड़े के सामने बडी कोठी के बगल मे अखाडे के ही दूसरे मकान मे आपकी व्यवस्था करवा देता हुआप वहा आराम से रहिए! और कुछ ही दिनो मे सचिव यमुना पुरी जी महराज ने उस मकान की रगाई पुताई सफाई करा दी जिसमे एक कमरा निचे एक कमरा ऊपर शौचालय स्नान घर आज की उचित व्यव्स्था है इस प्रकार संत हृदय नवनीत समाना चरितार्थ करते हुए स्वामी यमुना पुरी जी महाराज ने दुकानजी को उदारता के साथ शरण देकर इन्हे चिंता मुक्त कर दिया सच ही कहा गया है कि संतो का हृदय विशाल होता है ! मै यमुना पुरी जी महाराज का सतत साधु वाद व्यक्त करता हु यह जानकारी डा0 शम्भूनाथ त्रिपाठीश्अंशुल ने दिया

# कांग्रेस की धन्यवाद यात्रा में शामिल हुए सपा सांसद डॉ0 एसपी पटेल

### भाजपा की पराजय उसका अहंकार और जनता के साथ विश्वासघात का नतीजा–प्रमोद तिवारी

प्रतापगढ़। कांग्रेस द्वारा निकाले गए धन्यवाद यात्रा पर लालगंज के पार्टी कैम्प कार्यालय पर सोमवार को कार्यकर्ताओं का सम्मेलन हुआ। जिसमें इंडिया गठबंधन के सपा सांसद डॉ0 एसपी पटेल शामिल हुए। सम्मेलन को संबोधित करते हुए राज्यसभा में विपक्ष के उपनेता प्रमोद तिवारी ने कहा कि लोकसभा के चुनाव में भाजपा की पराजय उसके अहंकार और जनता से हर कदम पर विश्वासघात का नतीजा है। उन्होनें कहा कि इस चुनाव में राहुल गांधी और अखिलेश यादव द्वारा संविधान की रक्षा, आरक्षण बचाने और संवैधानिक संस्थाओं के दुरूपयोग को लेकर गठबंधन के संघर्ष को जनता के बीच सही ढंग से रखा। श्री तिवारी ने कहा कि जिले में वह स्वयं, डॉ0 एसपी सिंह पटेल, विधायक आराधना मिश्रा मोना और सपा के दो और विधायक मिलकर कार्यकर्ताओं व जनता के मान सम्मान की हिफाजत करेंगे। जिले के नव निर्वाचित सपा सांसद डॉ0 एसपी सिंह पटेल ने कहा कि भाजपा ने इस बार भी स्वयं के अल्पमत में होने के बावजूद सत्ता की भूख में जोड़तोड़ की सरकार बनायी है। उन्होनें कहा कि इण्डिया गठबंधन पूरी मजबूती से भाजपा की केन्द्र और राज्य सरकार की जनविरोधी नीतियों पर मुखर रहेगी। विधायक आराधना मिश्रा मोना ने कहा कि उनके सामने राजनीति में चाहे जो भी परिस्थितियां उत्पन्न हो वह आखिरी सांस तक रामपुर खास की सेवा पर आंच नहीं आने देंगी। संचालन मीडिया प्रभारी ज्ञानप्रकाश शुक्ल ने किया। इस मौके पर अशोक सिंह बबलू, लालजी यादव, रघुनाथ सरोज, भुवनेश्वर शुक्ल, हजरत मौलाना रहमानी मियां, प्रतिनिधि भगवती प्रसाद तिवारी, केडी मिश्र, अब्दुल कादिर जिलानी, भइयाराम पटेल, संजय सिंह पटेल, टीपी यादव, डा0 वकील अहमद, आचार्य शिवमूर्ति शास्त्री, विकास मिश्र, उदयशंकर दुबे, छोटे लाल सरोज, शत्रुघ्न शुक्ल, डा0 रमाशंकर शुक्ल, रवीन्द्र मिश्र, बबलू तिवारी, दयाराम वर्मा, एबादुर्रहमान, अतुल शुक्ल, अभिनव शुक्ल, भूपेन्द्र काजू, अशोक सिंह, महादेव मिश्र, सुनील त्रिपाठी, राकेश चतुर्वेदी, शैलेन्द्र मिश्र, राजकुमार मिश्र, राकेश तिवारी गुडडू, दिनेश सिंह, संजय सिंह, शिवाकांत उपाध्याय, अजय शुक्ल गुडडू, दारा सिंह, शेरू खां, मो0 मुकीम आदि मौजूद रहे।

# मौलाना हत्याकांड को सांप्रदायिक रूप देने का आरोप

### हिंदू परिवारों के पलायन को लेकर राष्ट्रीय परशुराम सेना ने डीएम को सौंपा ज्ञापन

प्रतापगढ़। जेठवारा थाना क्षेत्र के सोनपुर गांव में जमीनी विबाद को लेकर फो फिन पूर्व मौलाना की हत्या कर दी गयी थी। घटना को देखते हुए पांच थानों की फोर्स, पीएसी की बटालियन के साथ डीएम, एसपी, एडीजी, आईजी घटना स्थल पर डटे रहे। घटना के बाद से असमाजिक तत्वों द्वारा सांप्रदायिक हिंसा उकसाने का प्रयास किया जा रहा है। मृतक मौलाना के घर भीड़ के साथ जाकर संवेदना जताने के बहाने राजनीतिक दलों के नेता एकपक्षीय बयानबाजी कर पुलिस प्रशासन को खुली चुनौती दे रहे हैं। घटना के दिन मौलाना के समर्थको की भीड़ में शामिल कुछ लोग घटना में आरोपी बनाए गए ब्राह्मण परिवार के व्यक्ति की मां बहन की गालियां देते हुए उनके घरों व आस पास के हिंदू परिवारों के घर पर मौजूद वाहन, दरवाजे खिड़की व अन्य सामान की पत्थरबाजी कर तोड़फोड़ की गई। कानूनी कार्यवाही के बीच कानून को हाथ में लेकर एक पक्ष द्वारा मनमानी करने की जानकारी होने पर मंगलवार को राष्ट्रीय परशुराम सेना के राष्ट्रीय अध्यक्ष प्रदीप शुक्ल की अगुवाई में जिला कचहरी में हिंदू समाज के लोग एकत्रित हुए। राष्ट्रीय अध्यक्ष ने घटना में निर्दोष लोगों को आरोपी बनाए जाने पर व्यक्त किया। लोगो ने निर्दोषों पर अत्याचार बंद करो, शांति व्यवस्था कायम हो, अराजकता फैलाने वालों को गिरफ्तार करो का नारा लगाते हुए कलेक्ट्रेट कार्यालय पहुंचे। जनसुनवाई कर रहे जिलाधिकारी संजीव रंजन को मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन सौंपकर अपनी मांगे रखी । ज्ञापन में कहा गया है कि किसी की हत्या होना दुखद है। लेकिन हत्या की आड़ में कानून व्यवस्था के साथ खिलवाड़ कर मनमानी करते हुए तोड़फोड़ करना, अराजकता फैलाना, भय का माहौल बनाकर हिंसा फैलाने की साजिश रचना, गांव के हिंदू परिवारों को पलायन के लिए मजबूर करना किसी भी कीमत पर बर्दास्त नही किया जायेगा। घर में पत्थरबाजी तोड़फोड़ महिलाओं बुजुर्गो बच्चो को गाली गलौज देकर उनमें भय व्याप्त करने वालो पर मुकदमा पंजीकृत किया जाए। घटना में आरोपी बनाए गए लोगो के घर के लोगो की सुरक्षा व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। घटना की पुलिस प्रशासन द्वारा टीम बनाकर उच्चस्तरीय जांच करते हुए कार्यवाही की जाए। निर्दोष लोगो को न फंसाया जाए। इस दौरान परशुराम सेना के प्रदेश अध्यक्ष अभिषेक तिवारी, मंडल अध्यक्ष प्रयागराज संजय शुक्ला, जिलाध्यक्ष अनिल पांडेय, मीडिया प्रभारी मनीष दुबे, राजीव मिश्र, हरीश शुक्ला, अनुराग तिवारी, अभिषेक मिश्र, विवेक टोनी, प्रदीप मिश्रा, अनुपम मिश्र, तरुण कुमार, शिवा पांडेय, पवन मिश्र, सुनील मिश्र, धर्मराज सिंह, राजेश मिश्रा, ओमनारायण पंकज पांडेय, अभिषेक दुबे, कार्तिकेय मिश्रा, मुरारी मिश्र, विनय सिंह, सचिन पांडेय, अखंड प्रताप सिंह, गुड्डू उमरवैश्य सहित भारी संख्या में संगठन के पदाधिकारी एवं हिंदू समाज के लोग भी उपस्थित रहे।

सपा सांसद डॉ0 एसपी पटेल, कांग्रेस सांसद इमरान प्रतापगढ़ी भी पहुंचे मौलाना के घर–

सपा के नव निर्वाचित सांसद डॉ0 एसपी पटेल, कांग्रेस के राज्यसभा सांसद इमरान प्रतापगढ़ी के अलावां प्रदेश व जिले के सपा व कांग्रेस के नेता मौलाना के घर पहुंचकर शोक संवेदना जताई।

## गंगा दशहरा महोत्सव की तैयारियां शुरू, काशी के पुरोहित करेंगे महा आरती

प्रतापगढ़। शहर सई नदी तट स्थित मां बेल्हा देवी धाम में श्रीगंगा दशहरा महोत्सव को भव्य बनाने के लिए समिति ने तैयारियां पूरी कर ली है। पूरे मंदिर परिसर की भव्य सजावट की योजना समिति ने बनाई है। 16 जून को गंगा दशहरा के अवसर पर घाटों पर 11551 दीप जलाए जाएंगे। शाम 6 बजे काशी के पुरोहितों द्वारा भव्य महा आरती कराई जाएगी। समिति के अध्यक्ष प्रमोद कुमार सिंह मुन्ना ने सदस्यों के साथ सोमवार को तैयारियों की अंतिम रूप रेखा तय की। महोत्सव को भव्य बनाने के लिए समिति के सदस्यों को अलग–अलग जिम्मेदारी सौंपी गई है। समिति के संयोजक समाजसेवी रोशनलाल उमरवैश्य ने बताया कि मां बेल्हा देवी धाम पर महोत्सव के दिन 16 जून को शाम 4रू00 बजे से 11551 दीपों से सभी घाटों व मंदिर परिसर को प्रकाशमय किया जाएगा। पूरे मंदिर परिसर को फूल मालाओं व विद्युत झालरो से सजाकर शाम 6 बजे काशी से आये पुरोहित महा आरती में शामिल होंगे। जिले के विद्वानों द्वारा शंखनाद कर महोत्सव को भव्य बनाने की रूपरेखा बनाई गई है। सजावट व सफाई का कार्य 13 जून से प्रारंभ कर दिया जाएगा। महोत्सव को भव्य बनाने में व्यवस्थापक रघ्घू पंडा, जग्गू पंडा, मनोज पंडा, विवेक कुमार, जगदम्बा पंडा, मोनू पंडा, अरविंद सिंह, रंगीली पंडा, दीपक सिंह, दिव्यांशु महाराज, देव शंकर मिश्र, रूद्र शुक्ला, गणेश, प्रदीप, अमन, सुरेश मास्टर, प्रमोद आदि उपस्थित रहे।

# संक्षिप्त

## नगरपालिका अध्यक्ष के मौत के बाद डीएम की अध्यक्षता में हुई पहली बैठक

प्रतापगढ़। ढाई दशक से अधिक समय तक नगरपालिका अध्यक्ष रहे पूर्व विधायक हरि प्रताप सिंह की तीन सप्ताह पूर्व मौत हो गई थी। उनकी मौत के बाद से नगरपालिका के कार्य ठप्प पड़े थे। नगर में कार्यों के विकास के लिए कई प्रस्ताव लंबित थे। मंगलवार को डीएम संजीव रंजन की अध्यक्षता में बोर्ड की बैठक हुई। जिसमें कई प्रस्तावों को मंजूरी दी गई।

## पारा 45 के पार, सड़कें रहीं सूनी, धूप से बचने के लिए ढंके बदन

प्रतापगढ़। तेज धूप व भीषण गर्मी से शहर की सड़कें मंगलवार को भी दोपहर में सूनी रहीं। धूप से बचने के लिए लोग सुबह या शाम ही घरों से निकल रहे हैं। पिछले दो दिनों से जिले में तापमान 45 डिग्री सेल्सियस से ऊपर पहुंच गया है। शहर की सड़कों पर यदा कदा ही लोग घरों से निकल रहे हैं। सड़कों पर कार सवार ही दिख रहे हैं। दोपहर में कुछ युवतियां स्कूटी से जाती दिखाई दी। धूप से बचने के लिए पूरे बदन को कपड़ों से ढंक रखा था।

## उत्तर प्रदेश राज्य विद्युत नियामक आयोग में दाखिल नये कास्ट डाटाबुक के प्रस्ताव हो निरस्त–डा0 आरके वर्मा विधायक

प्रतापगढ़। रानीगंज के सपा विधायक डा0 आरके वर्मा ने राज्य विद्युत नियामक आयोग के दाखिल प्रस्ताव जिसमें बिजली के दामों में भारी बढ़ोत्तरी पर चिंता व्यक्त किया है। उन्होंने सीएम को पत्र लिखकर प्रस्ताव को निरस्त किये जाने की मांग की है। प्रस्ताव में लिखा गया है कि आयोग ने नये बिजली कनेक्शन की दरों, मीटर का मूल्य, ट्रान्सफार्मर, प्रतिपूर्ति राशि, प्रोसेसिंग फीस, लेबर कास्ट आदि के मदों में भारी बढ़ोत्तरी का प्रस्तवा दिया है। प्रस्ताव में सौ प्रतिशत की वृद्धि की बात कही गई है। लेबर कास्ट की राशि दो किलोवाट तक कनेक्शन में 150 से बढ़ाकर 564 रू0 है। गरीब उपभोक्ताओं को 44 फीसदी का भुगतान करना पड़ेगा जो उनके लिए कठिनाई होगी। एक किलोवाट तक बिना जीएसटी 1032 के स्थान पर 1486 रू0 बिना जीएसटी भुगतान करना होगा। स्मार्ट मीटर के सिंगल फेस कनेक्सन पर 3822 रू0 की जगह अब नये प्रस्ताव में 6316 रू0 का भुगतान करना होगा। नये प्रस्ताव को यदि मंजूरी दी गई तो बिजली के बढ़े दामों का भुगतान करने में प्रदेश की जनता को कठिनाइयों का सामना करना पड़ेगा। लिहाज आयोग के द्वारा दिए गये प्रस्ताव पर सहानुभूतिपूर्वक विचार कर उसे प्रदेश हित में निरस्त करना समाचीन होगा।

## डीएम ने ग्राम्य विकास एवं पंचायत विभाग के कार्यो की समीक्षा कर दिए निर्देश

प्रतापगढ़। जिलाधिकारी संजीव रंजन की अध्यक्षता में कैम्प कार्यालय सभागार में ग्राम्य विकास एवं पंचायत विभाग के अधिकारियों के साथ जिला स्वच्छता समिति की बैठक सम्पन्न हुई। गांवों में विकास के लिए जिलाधिकारी ने जिला विकास अधिकारी को निर्देश दिया। कहा कि मनरेगा कार्यो की मानीटरिंग की जाये। शिकायतों का निस्तारण किया जाये। हकदार लोगों को मनरेगा कार्य में लगाया जाय। निर्माण कार्यों में गुणवत्ता बनी रहे। डीएम ने सभी बीडीओ से कहा कि कार्यो की स्वीकृति से पहले स्थान का निरीक्षण अवश्यक करें। तालाबों व झीलों में वरसात के पानी को संचय किया जाये। डीएम ने कहा कि हर ब्लाकों में सौ–सौ तालाबों की खुदाई करायी जाये। डीएम ने पीएम व सीएम आवास योजना की समीक्षा की। उन्होंने कहा कि आवास की किस्त का भुगतान करने के बाद भी जिनका पूरा नही है उन्हें नोटिस जारी की जाये फिर आर0सी0 जारी करने की कार्यवाही की जाये। इसी प्रकार बैठक में राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन, बाबा साहब आंबेडकर रोजगार प्रोत्साहन योजना, आईजीआरएस पोर्टल, सूचना अधिकार अधिनियम–2005 के तहत शिकायतों की समीक्षा कर निर्देश दिये। जिला स्वच्छता समिति की बैठक में पंचायती राज विभाग के कार्यो की समीक्षा की। एडीओ पंचायत एवं डीपीआरओ द्वारा लापरवाही बरतने पर फटकार लगाते हुए कार्यवाही की चेतावनी दी। 20 ग्राम पंचायतों में अन्त्येष्टि स्थल निर्माण, पंचायत भवन निर्माण पूरा कराने को कहा।हैण्डपम्पों के मरम्मत में तेजी लाने को कहा। बारी–बारी से हर कार्यों की समीक्षा कर डीएम ने अधिकारियों को सख्त निर्देश दिए। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी नवनीत सेहारा, जिला विकास अधिकारी राकेश प्रसाद, जिला पंचायत राज अधिकारी आलोक कुमार सिन्हा, खण्ड विकास अधिकारी, एडीओ पंचायत व अन्य सम्बन्धित अधिकारी उपस्थित रहे।

## शोध अधिकारी बनीं अनु द्विवेदी, सफलता से खुशी

प्रतापगढ़, लालगंज। अधीनस्थ चयन सेवा आयोग द्वारा सहायक सांख्यिकीय अधिकारी के घोषित परिणाम में अनु द्विवेदी का चयन शोध अधिकारी के पद पर हुआ है। अनु लालगंज के युवा समाजसेवी संजीव द्विवेदी के छोटे भाई नवीन द्विवेदी की पत्नी हैं। अनु की सफलता पर शिक्षक विधायक उमेश द्विवेदी, नगर पंचायत अध्यक्ष अनीता द्विवेदी, ज्ञान प्रकाश शुक्ल, प्रमुख इं0 अमित प्रताप सिंह पंकज, इं0 सुनील पाण्डेय, शशिधर तिवारी, केशव मिश्र, समाजसेवी शिवाकान्त द्विवेदी आदि ने प्रसन्नता जतायी है।

## आरोपी पर किशोरी के अपहरण का केस दर्ज

प्रतापगढ़, लालगंज। कोतवाली पुलिस ने किशोरी के अपहरण को लेकर आरोपी के खिलाफ मंगलवार को केस दर्ज किया है। लालगंज के पूरे छत्तू निवासी रामअभिलाष की पत्नी रामा देवी ने पुलिस को दी गई तहरीर में कहा है कि बीती दो जून को रात एक बजे उसकी सत्रह वर्षीया पुत्री ज्योती शौच को घर से बाहर निकली। इस बीच गांव के हरकेश के पुत्र आशीष ने उसे बहला फुसलाकर अपहृत कर लिया। पीडिता ने पुत्री के साथ अप्रिय घटना घटित होने की पुलिस से आशंका जतायी है। तहरीर के आधार पर पुलिस ने आरोपी आशीष के खिलाफ अपहरण का मुकदमा दर्ज किया है।

## पैसेंजर की भ्रामक सूचना दिए जाने से घनचक्कर बने यात्री

*वीपी ट्रेन का पल पल बदला प्लेटफार्म*
*रेलवे की गलती का खामियाजा भुगते यात्री*

प्रतापगढ़। मां बेल्हा धाम प्रतापगढ़ रेलवे स्टेशन से बनारस को जाने वाली स्पेशल ट्रेन प्लेटफार्म तीन पर खड़ी है। फिर अनाउंस हुआ उस पर नहीं है। माइक से फिर आवाज आई ट्रेन चार पर खड़ी है। फिर कहा गया उस पर भी नहीं है। यात्रियों ने जाकर कहा भाई साहब मजाक बना रखा है आप लोगों ने। यात्री की जान लोगे क्या। ट्रेन के प्लेटफार्म की भ्रामक सूचना इस तरह से प्रसारित होने की वजह से मुसाफिर घनचक्कर बनकर इधर उधर भागते रहे। इस चक्कर में उन्हें काफी दिक्कतें आई। हुआ यूं कि मां बेल्हा देवी धाम प्रतापगढ़ रेलवे स्टेशन से बनारस जाने वाली पैसेंजर ट्रेन प्लेटफॉर्म तीन से जाने वाली है। यह सूचना एनाउंस से बार बार प्रसारित हो रही थी। यात्रियों ने देखा कि इस पर कोई ट्रेन नहीं है। उन्होंने एनाउंस कर रहे रेल कर्मी को इस बारे में बताया। कुछ पल बाद फिर से सूचना प्रसारित हुई। इस बार तीन के बजाय चार नंबर प्लेटफार्म से छूटने की सूचना थी। यात्री हड़बड़ी में पुल के माध्यम से भागते हुए प्लेटफार्म चार पर गए। लिपिक अशोक तिवारी ने बताया कि ट्रेन चार पर भी नहीं थी।

## संक्षिप्त

### स्विटजरलैंड में यूक्रेन शांति शिखर सम्मेलन में 90 देश भाग लेंगे, रूस ने बनाई दूरी

बर्न (स्विटजरलैंड) । दो साल से अधिक समय से जारी रूस–यूक्रेन युद्ध के बीच यहां सप्ताहांत में स्विटजरलैंड की मेजबानी में आयोजित 'यूक्रेन शांति शिखर सम्मेलन' में करीब 90 देशों और संगठनों ने शामिल होने की पुष्टि की है, जबकि मॉस्को ने इसमें शरीक होने से इनकार कर दिया है। स्विटजरलैंड की राष्ट्रपति वियोला एमहर्ड ने सोमवार को संवाददाताओं को यह जानकारी दी। सम्मेलन में भाग लेने से रूस के इनकार करने के बावजूद इस सम्मेलन का आयोजन किया जा रहा है जिसमें शामिल होने वाले देशों में से आधे से अधिक राष्ट्र यूरोप से हैं। एमहर्ड ने स्विटजरलैंड की राजधानी में कहा कि यूक्रेन पर रूस के हमले शुरू करने के करीब 28 महीने बाद शनिवार और रविवार को आयोजित शिखर सम्मेलन का लक्ष्य संभावित शांति का मार्ग प्रशस्त करना है। उन्होंने कहा, ''यह दुष्प्रचार नहीं है। यह स्विटजरलैंड द्वारा मुहैया की जा रही मानवीय सहायता के मुद्दे पर और वार्ता की पहले करने के बारे में है।'' स्विस अधिकारियों ने बताया कि ब्राजील और चीन ने कहा है कि वह तब तक भाग नहीं लेंगे, जब तक कि रूस सहित दोनों पक्ष वार्ता की मेज पर नहीं आते। स्विटजरलैंड के विदेश मंत्री ने संवाददाताओं से कहा कि उनके देश ने बार–बार कहा है कि रूस के बिना शांति प्रक्रिया नहीं हो सकती।




एस.लाल एण्ड सन्स मेडिकल्स
OPD
नेत्र रोग विशेषज्ञ
डा. आर.के. श्रीवास्तव
समय - 10 बजे से 1 बजे तक, दिन - सोमवार, मंगलवार, शुक्रवार, (निःशुल्क परामर्श - शनिवार, रविवार)
स्त्री एवं प्रसूति रोग विशेषज्ञ
डा. शिखा माथुर
प्रतिदिन - दोपहर 1 से 3 बजे तक
जनरल फिजिशियन
डा. कार्तिकेय
समय - शाम 4 बजे से 8 बजे तक । दिन - प्रतिदिन
पता - 18B, म्योर रोड, जहाज चौराहा, प्रयागराज
Mob.: 9151121918, 9140445768

# रियाशी आतंकी हमले के खिलाफ भयंकर प्रदर्शन, शहबाज सरकार को अलर्ट पर रहने की हिदायत



जम्मू कश्मीर के रियाशी में बस पर हुए आतंकी हमले को लेकर शहर शहर आक्रोश है। जयपुर में लोगों ने विरोध प्रदर्शन किया है। रियाशी में बस पर जो हमला हुआ उसमें मारे गए चार लोग जयपुर के पास के शहर चौमू के थे। जैसे ही उन लोगों का शव पहुंचा लोगों का गुस्सा भड़क उठा। सड़क पर उतरकर लोग अपना आक्रोश दर्ज कराते नजर आए। मृतक के परिजनों के लिए मुआवजे की मांग भी उठाई जा रही है। इसके साथ ही सुरक्षा को लेकर गंभीर सवाल खड़े हुए हैं। श्रद्धालु यात्री की सुरक्षा को लेकर भी लोगों की चिंता बनी हुई है। जयपुर के अलावा भी तमाम शहरों से विरोध प्रदर्शन की तस्वीर सामने आई है।

पाकिस्तान को सताने लगा डर

भारत में दिख रहे गुस्से को देखते हुए पाकिस्तान में भी नेताओं को हमला का डर सताने लगा है। जम्मू–कश्मीर के रियासी में हाल ही में हुए आतंकी हमले के बाद पाकिस्तान के कब्जे वाले जम्मू–कश्मीर (पीओजेके) के पूर्व प्रधानमंत्री राजा फारूक हैदर खान ने सोशल मीडिया पर कड़ी चेतावनी जारी की है। एक्स पर एक पोस्ट में उन्होंने पाकिस्तान से क्षेत्र में किसी भी संभावित भारतीय सैन्य प्रतिक्रिया के लिए तैयार रहने का आग्रह किया। नवाज शरीफ की पार्टी पीएमएलएन के नेता हैदर को लग रहा है कि रविवार को जम्मू के रियासी जिले में हुए आतंकी हमले के जवाब में भारत सैन्य कार्रवाई कर सकता है।

त्रिनेत्र ड्रोन का इस्तेमाल, चलाया जा रहा सर्च ऑपरेशन

आतंकवादियों ने श्रद्धालुओं को शिव खोरी मंदिर से कटरा में माता वैष्णों देवी मंदिर ले जा रही 53 सीट वाली बस पर पोनी इलाके में तेरयाथ गांव के पास रविवार को गोलीबारी कर दी थी। हमले के बाद बस खाई में जा गिरी थी। इस हमले के बाद आतंकी फरार हो गए, जिनकी तलाश में सुरक्षा बल लगे हुए हैं। इस तलाशी अभियान में सेना, जम्मू कश्मीर पुलिस और सीआरपीएफ मिलकर काम कर रही है। कश्मीर घाटी में हाई अलर्ट घोषित किया गया है। ड्रोन की मदद से सर्च ऑपरेशन चलाया जा रहा है। आतंकवादियों का पता लगाने के लिए व्यापक अभियान चलाया जा रहा है और सुरक्षा बलों की 11 टीमें काम कर रही हैं तथा पोनी तेरयाथ इलाके की कई तरफ से घेराबंदी की गई है।

इंसास रायफल से अंधाधुंध फायरिंग

इस हमले में लश्कर का टॉप कमांडर अबू हमजा समेत एक और पाकिस्तानी आतंकी और पाकिस्तानी सेना का पूर्व जवान भी शामिल है। ये भी खुलासा हुआ है कि आतंकियों ने इंसास रायफल से बस पर ताबड़तोड़ फायरिंग की थी। रियाशी के जिस शिवखोड़ी राजमार्ग पर हमला हुआ उसे फिलहाल छावनी में तब्दील कर दिया गया है। जिस तरह से श्रद्धालुओं और तीर्थ यात्रियों को निशाना बनाया गया है उसके बाद से अमरनाथ यात्रा को लेकर भी अलर्ट जारी कर दिया गया है। 29 जून से यात्रा शुरू होनी है।

# कनाडा में हिंसा और नफरत के लिए कोई जगह नहीं

## इंदिरा हत्याकांड वाले खालिस्तानी पोस्टरों पर भारत के विरोध के बाद आया ट्रूडो सरकार का रिएक्शन

भारत में कनाडा के उच्चायुक्त कैमरन मैके ने पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी की हत्या को दर्शाने वाली एक झांकी से पैदा हुए विवाद पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा कि कनाडा में हिंसा को बढ़ावा देना कभी भी स्वीकार्य नहीं है। कनाडा सरकार रविवार को ब्रैम्पटन में प्रदर्शित की गई अन्य तस्वीरों से अवगत है। कनाडा की स्थिति स्पष्ट है। कनाडा में हिंसा को बढ़ावा देना कभी भी स्वीकार्य नहीं है। रविवार को ग्रेटर टोरंटो एरिया (जीटीए) में एक कार्यक्रम में पूर्व प्रधान मंत्री इंदिरा गांधी की हत्या पर आधारित एक झांकी प्रदर्शित होने के बाद भारत ने कनाडाई सरकार के सभी स्तरों से अनुकरणीय कार्रवाई की मांग की है। ऑपरेशन ब्लूस्टार की 40वीं वर्षगांठ के अवसर पर एक परेड में विवादास्पद फ्लोट प्रदर्शित किया गया था। 1984 भारतीय सेना ने खालिस्तानी चरमपंथियों को खदेड़ने के लिए स्वर्ण मंदिर पर धावा बोल दिया। उसी वर्ष इंदिरा गांधी को उनके अंगरक्षकों ने गोली मार दी थी। झांकी में इंदिरा गांधी के पुतले को उनके अंगरक्षकों द्वारा गोली मारते हुए दिखाया गया। पोस्टर में यह भी कहा गया कि उसे सज़ा 21 अक्टूबर 1984 को दी गई थी। पिछले साल खालिस्तानी अलगाववादी हरदीप सिंह निज्जर की सरे में एक गुरुद्वारे के बाहर गोली मारकर हत्या किए जाने के बाद भारत और कनाडा के बीच संबंधों में तनाव आ गया है। कनाडा ने हत्या के लिए कथित भारतीय एजेंटों को जिम्मेदार ठहराया है। नई दिल्ली दिल्ली ने आरोप को बेबुनियाद और बेतुका बताया। झांकी वैंकूवर में भारत के वाणिज्य दूतावास के सामने एक विरोध प्रदर्शन के दौरान इसी तरह के प्रदर्शन के ठीक तीन दिन बाद दिखाई दी।

## मलावी में भीषण विमान हादसा, उप–राष्ट्रपति चिलिमा समेत 9 अन्य लोगों की मौत

लिलोंग्वे। मलावी के उपराष्ट्रपति सौलोस क्लॉस चिलिमा और नौ अन्य लोगों की एक विमान हादसे में मौत हो गई है। मलावी के राष्ट्रपति ने यह जानकारी दी। बता दें कि उपराष्ट्रपति सौलोस क्लॉस चिलिमा और नौ अन्य लोगों को ले जा रहे विमान के लापता होने की खबर सामने आई थी। बताया गया था कि विमान अचानक रडार से गायब हो गया था। इसके बाद विमानन




अधिकारियों ने विमान से संपर्क बनाने की कईं कोशिशें कीं लेकिन, इसका पता लगाने में वे विफल रहे। अब यह खबर सामने आई है कि इस भीषण हादसे में उप राष्ट्रपति समेत 9 अन्य लोगों की मौत हो गई।

अचानक रडार से गायब हो गया था विमान

मलावी के राष्ट्रपति कार्यालय द्वारा जारी बयान में कहा गया कि उप राष्ट्रपति चिलिमा रक्षा बल के विमान में सवार थे। यह विमान स्थानीय समयानुसार सुबह 9 बजकर 17 मिनट पर राजधानी लिलोंग्वे से रवाना हुआ था। इसके बाद विमान अचानक रडार से गायब हो गया था। इसके बाद राष्ट्रपति लाजरस चकवेरा ने सुरक्षा बलों से विमान पता लगाने के लिए तत्काल खोज और बचाव अभियान शुरू करने का आदेश दिया था। बताया गया है कि मलावी के राष्ट्रपति चकवेरा बहामास की यात्रा करने वाले थे। लेकिन, विमान लापता होने की सूचना मिलने के बाद उन्होंने अपना दौरा रद्द कर दिया। खोजी अभियान चलाने के बाद पता चला कि विमान भीषण दुर्घटना का शिकार हुआ है। इस हादसे में उप राष्ट्रपति चिलिमा समेत विमान में सवार अन्य 9 लोगों की भी मौत हो गई। कुछ दिन पहले ही ईरान के दिवंगत राष्ट्रपति इब्राहिम रईसी का भी विमान लापता हो गया था। बाद में खबर सामने आई थी कि उनका विमान दुर्घटनाग्रस्त हो गया है और उनकी मौत हो गई।




प्रसिद्ध पत्रकार,कवि और साहित्यकार तथा शहर समता अखबार के संपादक श्री उमेश श्रीवास्तव का काव्य संग्रह ष्प्रकृतिष लोकरंजन प्रकाशन द्वारा प्रकाशित किया गया है और अमेजन पर उपलब्ध है।







चर्चित कथाकार और शहर समता अखबार के संपादक श्री उमेश श्रीवास्तव जी का ग्रामीण पृष्ठभूमि पर लिखा बहु प्रतीक्षित उपन्यास गुनई अमेजन पर उपलब्ध हो गया है। पुस्तक




समूह के लोकप्रिय साहित्यकार श्री उमेश श्रीवास्तव जी का कहानी संग्रह इलाहाबाद मडुवाडीह पैसेंजर प्रकाशित हो गया है। उमेश श्रीवास्तव जी को बहुत बधाई एवम शुभकामना। पुस्तक अमेजन पर उपलब्ध है।




ठिगना भाई ठाढ़े भये (Thigna Bhai Thade Bhaye)

## यूक्रेन की वायुसेना एफ–16 लड़ाकू विमानों को रूसी हमलों से बचाने के लिए विदेशों में रख सकती है

कीव। यूक्रेन अपने पश्चिमी सहयोगियों से मिलने वाले एफ–16 लड़ाकू विमानों में से कुछ को विदेशी एयर बेस पर रख सकता है ताकि रूसी हमलों से उन्हें बचाया जा सके। यूक्रेनी सेना के एक वरिष्ठ अधिकारी ने सोमवार को यह जानकारी दी। बेल्जियम, डेनमार्क, नीदरलैंड और नार्वे ने यूक्रेन को 60 से अधिक अमेरिका निर्मित एफ–16 लड़ाकू विमान मुहैया कराने का वादा किया है ताकि उसे रूसी हमलों का मुकाबला करने में मदद की जा सके। इस साल के अंत में इन विमानों की आपूर्ति शुरू होने की उम्मीद है, ऐसे में यूक्रेनी पायलट इन्हें उड़ाने का प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे हैं। यूक्रेन की वायुसेना में विमानन प्रमुख सेरही होलुबसोव ने कहा कि एक निश्चित संख्या में विमान को यूक्रेन के बाहर स्थित एयर बेस पर तैनात रखा जाएगा ताकि यहां उन्हें निशाना बनने से बचाया जा सके। होलुबसोव ने अमेरिकी सरकार से वित्त पोषित रेडियो फ्री यूरोप/रेडियो लिबर्टी से कहा कि उन एफ–16 विमानों का इस्तेमाल विदेशों में यूक्रेनी पायलट को प्रशिक्षण देने और क्षतिग्रस्त विमानों को बदलने में किया जा सकता है।

प्रतापगढ़ ब्यूरो
शरद कुमार श्रीवास्तव
7/31, अचलपुर, प्रतापगढ़

संस्थापक
स्व.कन्हैया लाल
स्व.श्रीमती साधना
प्रबन्ध सम्पादक
अरविन्द पाण्डेय
विधि सलाहकार
कल्पना श्रीवास्तव

शहर समता
स्वामी/प्रकाशक/मुद्रक/सम्पादक उमेश चन्द्र श्रीवास्तव द्वारा कम्पीटेन्ट बिजनेस सर्विसेज, विष्णु पदम कुटीर 115डी/2ई लूकरगंज, इलाहाबाद से मुद्रित कराकर 289/238ए,कर्नलगंज इलाहाबाद से प्रकाशित
सम्पादक
उमेश चन्द्र श्रीवास्तव
मो.नं.9005239332
आर.एन.आई.नं.
यूपीएचआईएन/2004/22466
Email : shaharsamta@gmail.com
इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट के अन्तर्गत उत्तरदायी तथा इनसे उत्पन्न समस्त विवाद इलाहाबाद न्यायालय के अधीन ही होंगे।